

प्रयागराज, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 351, पृष्ठ 12, मूल्य : 5 .00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : शिक्षित बनो, संगठित रहो, आगे बढ़ो

अन्दर : क्या वनडे विश्व कप भी नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह?




# माफिया अतीक के बेटे असद का एनकाउंटर

## उमेश की हत्या के 48 दिन बाद असद झांसी में एनकाउंटर में ढेर, शूटर गुलाम भी मारा गया

**लखनऊ/झांसी।** उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम अहमद का एनकाउंटर किया गया है। यूपी एसटीएफ ने यह कार्रवाई झांसी में की है। उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख के इनामी असद और शूटर गुलाम का एनकाउंटर कर दिया गया है। प्रयागराज एसटीएफ की टीम ने दोनों को झांसी में मार गिराया। उमेश पाल की हत्या के बाद से पांचों शूटर फरार थे। इनमें से असद और गुलाम को आज एसटीएफ ने मार गिराया। जबकि पुलिस ने घटना के चार दिन बाद एनकाउंटर में अरबाज को मार गिराया। छह मार्च को उस्मान उर्फ विजय को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। उमेश पाल को 24 फरवरी 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। अतीक अहमद का बेटा असद समेत छह शूटर गोली और बम मारते हुए सीसीटीवी में दिखे थे। अगले दिन उमेश की पत्नी ने अतीक, अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटे, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उस्मान उर्फ विजय चौधरी को पहले ही एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपहर झांसी में असद और गुलाम के होने की सूचना पर टीम ने घेराबंदी की। दोनों ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में दोनों ढेर हो गए। उनके पास से विदेशी पिस्टल मिली है। असद अहमद पर एक मुकदम था और पांच लाख का इनाम था। गुलाम पर छह मुकदमे थे और पांच लाख का इनाम था। झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारा गया असद अहमद के तीसरे नंबर का बेटा था। बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है। दूसरे नंबर का अली नैनी जेल में है। चौथे और पांचवे नंबर के नाबालिग बेटे बाल सुधार गृह राजरूपपुर में हैं।

एसटीएफ ने असद के पास से अत्याधुनिक ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर बरामद की है। यह अत्याधुनिक विदेशी पिस्टल है। एक राउंड में 12 फायर इस पिस्टल से किए जा सकते हैं। असद ने इसी पिस्टल से एसटीएफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसके जवाबी कार्रवाई में असद मारा गया। वहीं, उसके साथी गुलाम के पास वाल्थर पी 88 पिस्टल थी। यह भी अत्याधुनिक स्वचालित विदेशी पिस्टल है मकसूद ने भी 12 राउंड फायर किए थे। एसटीएफ टीम में 2 कमांडो भी मौजूद थे। उनके पास स्वचालित हथियार थे। कमांडो ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें असद और गुलाम ढेर हो गए। दोनों के शव पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी राजेश एस समेत अन्य मौके पर पहुंच गए। एनकाउंटर को लेकर कुछ देर पहले राजधानी में स्पेशल डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जरूरत पड़ने पर आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यूपी डीजीपी और सरकार ने अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को लगातार जारी रखा है।

### यूपी एसटीएफ ने की बड़ी कार्रवाई

**दोनों पर पांच लाख का था इनाम, सीएम योगी ने टीम को दी बधाई, बैठक कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा**

**केशव बोले-हत्यारों को सजा मिलना तय, ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर से असद ने पुलिस पर झोंका था फायर, गुलाम के पास थी वाल्थर पी88 पिस्टल**

**उमेश की मां और पत्नी बोलीं-बहुत सुकून मिला, स्पेशल डीजी का खुलासा-काफिले पर हमला कर अतीक-अशरफ को छुड़ाने का मिला था इनपुट**



### सीएम योगी ने एसटीएफ को दी बधाई

उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहा माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अधिकारियों की तारीफ की और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री योगी ने यूपीएसटीएफ के साथ, यूपी डीजीपी, स्पेशल डीजी और पूरी पुलिस टीम की सराहना की। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस एनकाउंटर की जानकारी मुख्यमंत्री योगी को दी। पूरे मामले की रिपोर्ट सीएम योगी को सौंप दी गई है।

### यूपी पुलिस और एसटीएफ के लिए जरूरी केस था : अमिताभ

अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर यूपी एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि यह यूपी पुलिस और एसटीएफ के लिए जरूरी केस था क्योंकि एक केस में एक मुख्य गवाह जिसे यूपी पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की थी उसकी हत्या कर दी गई थी। इस केस में आज दो शूटर को एनकाउंटर में मारा गया। इनके पास से परिष्कृत विदेशी हथियार मिले। यूपी के डिप्टी सीएम केपी मौर्य ने पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद और सहयोगी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यूपी एसटीएफ को बधाई दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हत्यारों को सजा मिलना तय था। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ अपराधी जैसा व्यहवार होना चाहिए।

### आज दिल को सुकून मिला है : जया पाल

उमेश पाल की पत्नी जया ने कहा कि इंसाफ की शुरूआत हो गई है। जो हुआ अच्छा हुआ। उन्होंने कहा कि आज दिल को सुकून मिला है। अतीक का भी हो एनकाउंटर तब होगा असली न्याय मिलेगा। उमेश की मां शांतिपाल ने कहा कि हम तो पहले से मांग कर रहे थे कि उनका एनकाउंटर किया जाए। योगी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो उनका एनकाउंटर किया गया। पुलिस ने अपना फर्ज अदा किया है जो उन्हें करना चाहिए था। जो भी हुआ है वह कानूनी आधार पर फैसला हुआ है। यह लोग इतने दिन से भागदौड़ कर रहे थे। पुलिस ने उनको अंजाम तक पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री जी का बहुत आभार है, बहुत अच्छा फैसला किया है मेरी आत्मा को संतुष्टि मिली है। इन्होंने मेरे बेटे और उसके पीछे बैठे गनर को गोलियां मारी थीं। आज एनकाउंटर से बहुत सुकून मिला है।

## कर्नाटक में बीजेपी को झटका

**बेंगलुरू।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट ना मिलने से नाराज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और मुडिगेरे से तीन बार के विधायक एम पी कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। कुमारस्वामी ने भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि वह विधायक के तौर पर भी विधानसभा अध्यक्ष को जल्द ही अपना इस्तीफा सौंप देंगे। भाजपा ने बुधवार रात 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी थी। इसके मुताबिक भाजपा ने कुमारस्वामी के स्थान पर दीपक डोड्डैया को मुडिगेरे से अपना उम्मीदवार बनाया है। कुमारस्वामी ने टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने समर्थकों और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ चर्चा करने के बाद अपने अगले कदम पर फैसला करेंगे। विधायक ने टिकट नहीं मिलने का कारण उनके और रवि के बीच व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता को बताया। अटकलें लगाई जा रही हैं कि अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कुमारस्वामी जनता दल (सेक्यूलर) में शामिल हो सकते हैं या बतौर निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव में उतर सकते हैं।

**टिकट नहीं मिलने से नाराज एम पी कुमारस्वामी ने पार्टी छोड़ी**









# सजा पर राहुल को राहत नहीं

## सूरत सेशंस कोर्ट 20 अप्रैल को सुनाएगी फैसला

**अहमदाबाद।** मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत सेशंस कोर्ट 20 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपील पर कोर्ट में करीब छह घंटे तक सुनवाई चली। इसके बाद कोर्ट फैसले को सुरक्षित रख लिया और 20 अप्रैल को फैसला सुनाने का ऐलान किया। सेशंस कोर्ट में 12 बजे के बाद राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई हुई तो सबसे पहले राहुल गांधी के वकीलों ने कोर्ट के समक्ष अपनी दलीलें रखीं और निचली अदालत के फैसले को गलत बताया। इसके बाद इस मामले के याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी के वकीलों ने दलीलें रखीं। करीब सवा पांच बजे तक कोर्ट में सुनवाई चली और आखिर में दलील पूरी हो गईं तो कोई ने इस मामले में फैसला 20 अप्रैल सुनाने का ऐलान किया।

सेशंस कोर्ट में राहुल गांधी के वकील ने दलील दी कि विरोध पक्ष का सरकार का विरोध करना होता है। फ्रीडम ऑफ स्पीच के तरह राहुल गांधी को सरकार की आलोचना करने का अधिकसार है। ऐसे में राहुल गांधी के बयान को सरकार की आलोचना के संदर्भ में लिया जाना चाहिए। राहुल गांधी के वकील ने कहा कि 2016 में नारन काछडिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उस मामले में सांसद नारन काछडिया के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? तो कोर्ट पूर्णेश मोदी के वकील ने भी इसका विरोध किया।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले पूर्णेश मोदी की तरफ से कहा गया कि राहुल ने अपने बयान से 13 करोड़ लोगों की मानहानि की। इसके जवाब में राहुल गांधी के वकील ने कहा कि कुल गुजराती जनसंख्या 6 करोड़ है। ऐसे में यह लॉजिक ही गलत है। दोनों पक्षों की तरफ एक-एक तथ्य पर दलीलें रखी गई। सेशंस कोर्ट के जज रोबिन मोगेरा ने दोनों पक्षों की कई घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसले को सुरक्षित रखते हुए 20 अप्रैल की तारीख तय कर दी।

### सुनवाई

**मोदी सरनेम अवमानना मामले में मिली सजा को लेकर राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई पूरी**



# आरक्षण पर कर्नाटक सरकार की धारणा गलत

## मुस्लिम ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार का फैसला पहली नजर में दोषपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की बसवराज बोम्मई सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया। सरकार ने इस कोटे को वोक्कालिगा और लिंगायत के बीच बराबर दो-दो फीसदी बांट दिया। बोम्मई सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पहली नजर में कर्नाटक सरकार का फैसला त्रुटिपूर्ण दिखता है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएम जोसेफ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने जो रेकॉर्ड पेश किया गया है, उससे जाहिर होता है कि कर्नाटक सरकार का इस मामले में लिया गया फैसला गलत अवधारणा पर आधारित है। कर्नाटक की मुस्लिम कम्युनिटी की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल, दुष्यंत दवे और गोपाल शंकर नारायणन पेश हुए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का जो रिजर्वेशन खत्म किया है, उसका कोई ठोस आधार नहीं है। उन्होंने सरकार ने कोई स्टडी नहीं कराई और न ही कोई आनुभव आधारित आंकड़ा ही उपलब्ध है। कर्नाटक सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुआ। उन्होंनेकहा कि उन्हें याचिका पर जवाब के लिए वक्त दिया जाए। मेहतना सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि इस दौरान 24 मार्च के आदेश के तहत कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। इस बीच वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों की ओर से पेश वकील मुकुल रोहतगी ने अपना जवाब दाखिल करने से पहले कोई अंतरिम आदेश पारित न करने की गुहार सुप्रीम कोर्ट से लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय कर दी है और इस दौरान सॉलिसिटर जनरल और रोहतगी से जवाब दाखिल करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पेश हुए थे। सिब्बल ने कहा था कि याचिका में जो खामी थी, उसे ठीक कर लिया गया है। यह याचिका मुस्लिमों को दिए जाने वाले चार फीसदी रिजर्वेशन खत्म करने के खिलाफ दाखिल की गई है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा कि हम याचिका को सुनवाई के लिए लिस्ट करेंगे। फिर मामला जस्टिस जोसेफ की बेंच के सामने लंच के बाद सुनवाई के लिए लिस्ट हुआ। कर्नाटक सरकार ने मुस्लिमों को दिए जाने वाले चार फीसदी रिजर्वेशन को खत्म कर दिया है। राज्य सरकार ने ओबीसी के मुसलमानों के चार फीसदी रिजर्वेशन कोटा खत्म करते हुए सरकारी नौकरियों और एजुकेशनल संस्थान में रिजर्वेशन की दो नई श्रेणियां घोषित की हैं। ओबीसी मुस्लिमों के चार फीसदी कोटे को वोक्कलिगा और लिंगायत श्रेणी में बांट दिया गया है। रिजर्वेशन के लिए जो मुस्लिम पात्र हैं उन्हें आर्थिक आधार के तहत रखा गया है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### झटका

**कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का जो रिजर्वेशन खत्म किया है, उसका कोई ठोस आधार नहीं**



# एनकाउंटर पर विपक्ष हुआ हमलावर

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आज के व हालिया एनकाउंटरों की गहन जांच-पड़ताल हो और दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फैसले का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा भाईचारे के खिलाफ है। वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने ट्वीट किया कि प्रयागराज के अतीक अहमद के बेटे व एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेकों प्रकार की चचाएं गर्म हैं। लोगों को लगता है कि विकास दुबे काण्ड के दोहराए जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है। अतः घटना के पूरे तथ्य व सच्चाई जनता के सामने आ सके इसके लिए उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है। अखिलेश यादव का ये ट्वीट तब आया है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी असद अहमद व गुलाम पर यूपीएसटीएफ की कार्रवाई की तारीफ की है।



# कश्मीर पर हाई-लेवल बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एनएसए अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, गृह सचिव अजय भल्ला, डीजीपी जम्मू-कश्मीर दिलबाग सिंह, केंद्रीय सुरक्षा बलों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में लाइन ऑफ कंट्रोल और अंतरराष्ट्रीय सीमा के हालात को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान शाह को जम्मू-कश्मीर की कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई और एक प्रेजेंटेशन भी दी गई। इस दौरान लाइन ऑफ कंट्रोल और अंतरराष्ट्रीय सीमा के हालात, सीमा से घुसपैठ की साजिशों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले छह अप्रैल को डीजीपी सिंह ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह समाप्त रहा है। यहां अब कानूनी विरोधी घटनाएं निम्नतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

# नया भारत नयी नीतियों और रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रहा : पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नया भारत नयी नीतियों और रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार अतीत के प्रतिक्रियाशील दृष्टिकोण को छोड़कर प्रौद्योगिकी व बुनियादी ढांचे के मामलों में सक्रियता से काम कर रही है। मोदी ने रोजगार मेले को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए 'मुद्रा' ऋण परियोजना से आठ करोड़ से अधिक नए उद्यमी पैदा हुए हैं और सरकार की नीतियों एवं रणनीतियों ने नयी संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने उन लोगों पर भी निशाना साधा जो खुद को बड़ा अर्थशास्त्री मानते हैं, ये बड़े कारोबारियों को फोन पर कर्ज देते थे और आज मुद्रा योजना का मजाक उड़ा रहे हैं।

हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका कटाक्ष स्पष्ट रूप से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम पर था। चिदंबरम ने हाल ही में 'मुद्रा' योजना पर सवाल उठाया था और आश्चर्य जताया था कि 50,000 रुपये के ऋण के साथ किस तरह के व्यवसाय शुरू किए जा सकते हैं। मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत 23 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है, जिसमें 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि माइक्रो फाइनांसिंग जमीनी स्तर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में बहुत कुछ करता है, लेकिन कुछ लोग जो खुद को बड़ा अर्थशास्त्री मानते हैं, उन्हें कभी इसका एहसास नहीं हुआ और वे आम आदमी की क्षमताओं को नहीं समझते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में 71,506 भर्तियों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से बदलाव के पैमाने को रेखांकित करने के लिए विकास के कई आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि 2014 तक सात दशकों में केवल 20,000 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में यह आंकड़ा 40,000 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2014 तक ग्रामीण सड़क की लंबाई चार लाख किलोमीटर थी लेकिन अब यह 7.25 लाख किलोमीटर हो गई है जबकि गांवों में छह लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है।

मोदी ने कहा कि देश में 148 हवाई अड्डे हैं जबकि पहले यह संख्या 74 थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय में चार गुना की वृद्धि की है जिसकी वजह से ना सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़े बल्कि लोगों की आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' गांव से लेकर शहरों तक, भारत में रोजगार के करोड़ों अवसर पैदा करने वाला अभियान है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे तेज रफ़्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था करार देते हुए कहा कि आज जहां पूरी दुनिया कोविड महामारी के बाद मंदी से जूझ रही है और ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है, वहीं इन सबके बावजूद पूरी दुनिया भारत को एक उभरती ताकत (ब्राइट स्पॉट) के रूप में देख रही है।

### संबोधन

**रोजगार मेले को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा, मुद्रा योजना का मजाक उड़ाने वालों को सामान्य जन की क्षमताओं का एहसास नहीं**



# अतीक और अशरफ पुलिस के हवाले

## अतीक अहमद और अशरफ की पांच दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

**प्रयागराज।** प्रयागराज के उमेश पाल मर्डर केस में अतीक अहमद का रिमांड याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। बाद में अतीक और अशरफ को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बाद में कोर्ट ने दोनों को 5 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। गुजरात के साबरमती जेल से लाए गए माफिया डॉन अतीक अहमद को बुधवार को नैनी जेल में रखा गया।

गुरुवार को उसे प्रयागराज के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अतीक अहमद के साथ-साथ उसके भाई अशरफ को लेकर पुलिस की टीम कोर्ट परिसर पहुंची। कोर्ट में पेशी के बाद दोनों भाइयों को उमेश पाल मर्डर केस के मामले में यूपी पुलिस अपनी हिरासत में लेने की तैयारी कर रही है। हालांकि, अभी पुलिस को कोर्ट के आदेश का इंतजार करना होगा। इससे पहले अतीक अहमद ने साबरमती जेल से लाए जाने के दौरान उमेश पाल मर्डर केस में अपनी संलिप्तता न होने का दावा किया। उसने कहा कि हमें पूरे मामले में फंसाया जा रहा है। हम तो साबरमती जेल में बंद थे।

वहां से फोन करना भी संभव नहीं है। साबरमती जेल प्रशासन पर भी माफिया डॉन ने गंभीर आरोप लगाए। साथ ही, बेटे असद अहमद और पत्नी शाइस्ता परवीन के गायब होने के मसले पर भी वह जानकारी न होने की बात करता रहा। यूपी पुलिस उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रचने के मामले में दोनों भाइयों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। उमेश पाल मर्डर केस में एक बार फिर माफिया अतीक अहमद के खिलाफ वकीलों का गुस्सा फूटा। वकील उमेश की हत्या के आरोपी बनाए गए अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, परिवार के सदस्यों और शूटरों पर वकीलों का गुस्सा फूटा। वकीलों ने अतीक के खिलाफ जमकर नारे लगाए। वकीलों के प्रदर्शन और हंगामे को देखते हुए प्रयागराज सीजेएम कोर्ट में भारी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उन्होंने अतीक और अशरफ तक वकीलों को पहुंचने से रोका। वकीलों के हंगामा को देखते हुए कोर्ट परिसर में हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। कोर्ट परिसर के बाहर हो रहे भारी हंगामा को देखते हुए कोर्ट रूम में रैपिड एक्शन फोर्स की टीम को बुलाया गया। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की टीम तैयार दिखी। वकीलों ने इस दौरान कोर्ट परिसर में अतीक और अशरफ की पेशी को कवर कर रहे पत्रकारों के साथ भी बदसलूकी की। एजेंसी

### सुनवाई पूरी

**झांसी में असद का पोस्टमॉर्टम तो प्रयागराज में माफिया भाइयों की रिमांड शुरू, अतीक के खिलाफ वकीलों ने की नारेबाजी**



## संक्षेप

### दो अलग-अलग गांवों में मार पीट,आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में पशुओं को लेकर वृद्ध को मार कर हाथ तोड दिया गया जबकि दूसरे गांव में एक को धारदार हथियार से मारा गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना अंतर्गत सेमराबीरभानपुर गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र भईयाराम का आरोप है कि उनके वृद्ध पिता गौशाला में जा कर पशुओं को चारा दे रहे थे तभी पडोसी की भैंस आ कर चारा खाने लगे मना करने पर मेरे पिता भईयाराम यादव को गालियाँ देते हुए लाठियों से मार कर हाथ तोड दिया। अरुण कुमार ने मऊआइमा थाने में अखिलेश, अतुल पुत्रगण अमरनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर वाजिदपुर निवासी छोट लाल पुत्र स्वर्गीय कडेदीन यादव आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे मारे पीटे और धारदार हथियार से परिवार की मीना कुमारी को मार कर जख्मी कर दिए। छोटेलाल ने मऊआइमा थाने में प्रिन्श ,आशुतोष, विजय कुमार, अरुण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# किशोर की नहर में डूबने से मौत परिजनों में मचा कोहराम



घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दोनइया स्थित शारदा सहायक नहर में डूबने से मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के धमौर गांव निवासी राजेश पाल का 6 वर्षीय बेटा हर्ष उर्फ ननकू गुरुवार की शाम करीब 5 बजे अपनी बड़ी बहन के साथ दोनइया नहर के पास बकरी चराने आया था। इस दौरान हर्ष नहर में नहाने की जिद करने लगा। जिस पर उसकी बहन ने ऐसा करने से मना करते हुए उसे पकड़ लिया। लेकिन वह अपनी बहन से हाथ को छुड़ाकर नहर में कूद गया। गहरे पानी में जाने से हर्ष डूब गया। हर्ष को पानी में डूबते हुए देख उसकी बहन शोर मचाने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गये। लोगों ने हर्ष को नहर में काफी खोजबीन करके उसे नहर से बाहर निकाला और आनन-फानन में उसे दोनइया चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद हर्ष को मृत घोषित कर दिया। इसी बीच किसी ने मामले की जानकारी बहरिया पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही बहरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा था। उधर, हर्ष की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक हर्ष दो बहनों में इकलौता था।



जन अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना मेहता का स्वागत करते कार्यकर्ता

## जन अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने चुनाव की तैयारी का लिया जायजा

**खीरी।** जन अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना मेहता ने प्रयागराज मे पहुंच कर नगर निगम चुनाव से संबंधित कार्यकर्ताओं से जानकारी जुटाई। साथ में शहर पश्चिमी प्रयागराज के वार्ड संख्या-49 में चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। वहीं कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित कई महत्व पूर्ण बिंदुओं को विस्तार से बताई।वहीं वार्ड नंबर 49 से प्रत्याशी रानू कुशवाहा को चुनाव में मतदान से मतगणना तक चौकन्ना रहने का सलाह भी दिया। मौके पर वार्ड प्रभारी- श्रीमती सुदामा भारती, वार्ड अध्यक्ष -श्री चंद्रशेखर विश्व कर्मा, श्रीमती सुमित्रा पाल, श्री वीरेन्द्र कुशवाहा, श्री राजेन्द्र कुशवाहा, श्री विकास कुशवाहा आदि पदाधिकारि मौजूद रहे । कार्यकर्ताओं की मेहनत, चुनाव की तैयारी आदि की प्रशंसा करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। स्वागत सुनीता कुशवाहा प्रदेश संगठन सचिव जन अधिकार पार्टी उप्र ने किया।

## एसडीएम व एसीपी ने सिरसा बाजार में किया भ्रमण




**मेजा।** नवागंतुक उप जिलाधिकारी मेजा व एसीपी विमल किशोर मिश्र सहित प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर मिश्र ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को नगर पंचायत सिरसा में होने वाले चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत सिरसा बाजार में मतदान स्थलों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान लोगों को मतदान को सकुशल संपन्न कराए जाने में सहयोग करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

## जानलेवा हो सकते हैं संचारी रोग, इनसे बचें : मनीष

**करछना।** हम सबकी थोड़ी सी लापरवाही के चलते संचारी रोग जानलेवा हो सकते हैं ऐसे रोगों के प्रति बच्चे अपने घर के लोगों को जागरूक करते हुए पास पड़ोस में भी जागरूकता फैलाएं। यह बातें गुरुवार को रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के सभागार में बच्चों को संचारी रोगों के बचाव के प्रति जागरूक करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि डायरिया,डेंगू,चिकनगुनिया, मलेरिया जैसे की रोग मच्छरों द्वारा जनित है,कभी-कभी इनसे बीमार होने पर लोग लापरवाही बरतते हैं जो आगे चलकर खतरनाक और जानलेवा भी हो सकते हैं। इसके लिए स्वच्छ पानी और ताजे भोजन के साथ साथ मच्छरों से बचाव करने हेतु सभी उपाय अपनाए जाने चाहिए। घर और कमरे की साफ सफाई बहुत जरूरी होती है रोग की स्थिति में लापरवाही न करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह लें और दवा कराएं।इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देते हुए इसके बचाव एवं प्रचार-प्रसार करने और खुद इससे बचने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रदीप कुमार,विजय सिंह,रमेश चंद्र तिवारी,जगतपाल मो.परवेज सिद्दीकी,सुरेश कुमार,मालती शर्मा कमलाशंकर त्रिपाठी,विश्वेष ओझा,अशोक सिंह,विमला देवी समेत शिक्षक कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

## मऊआइमा पुलिस ने बाइक मार्च निकाल कर लोगों को किया मतदान के लिए जागरूक

**मऊआइमा।** निकाय चुनाव के मद्देनजर मऊआइमा पुलिसकर्मियों ने नगर पंचायत मऊआइमा में बुधवार को देर शाम बाइक मार्च निकाला कर जागरूक किया और निर्भीक हो कर मतदान करने की अपील किए। मऊआइमा नगरपंचायत में निकाय चुनाव के मद्देनजर ए सी पी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में मऊआइमा पुलिसकर्मियों ने बुधवार को देर शाम नगरपंचायत क्षेत्र व आस पास क्षेत्रो में बाइक मार्च निकाला और यह ऐलान करते रहे कि निर्भीक हो कर मतदान करें और बिना डर खौफ अपने मतों का जरुर प्रयोग करें। यदि मतदान करने में कोई बाधा डाले तो सूचना दें। बाइक मार्च में एसीपी मनोज सिंह, इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, रमेशचंद्र, सब इंस्पेक्टर संजय मौर्या, अनुप वर्मा ,सूर्य प्रकाश आदि बडी संख्या में मऊआइमा थाने के पुलिसकर्मियों ने बाइक मार्च किए।

# यूनाइटेड ने उत्साहपूर्वक मनाया 18वां स्थापना दिवस

**स्थापना दिवस**

### भारत की बढ़ती ताकत से विश्व के कई देशों में डर का माहौल, हलचलः डॉ दीपक वोहरा





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

**नैनी।** विजनरी संस्थापक स्वर्गीय शिव राम दास गुलाटी की स्मृति में, यूनाइटेड ग्रुप ने बुधवार को यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी परिसर में उत्साहपूर्वक 18वां स्थापना दिवस मनाया। भारत के प्रधान मंत्री (पीएम) के विशेष सलाहकार और विभिन्न विदेशी देशों के पूर्व राजदूत डॉ दीपक वोहरा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। समारोह की शुरूआत यूनाइटेड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ वोहरा ने कहा कि देश 'चायवाला' के मार्गदर्शन में नए मील के पत्थर स्थापित कर रहा है और डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, जन धन योजना, आधार विशिष्ट पहचान, मोबाइल गवर्नेंस (जेएएम) इसके कुछ उदाहरण हैं।सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के लिए संकल्पित है और यह केवल भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। कहा कि भारत की बढ़ती ताकत से आज विश्व के कई देशो में हलचल मची हुई है। वो डरे हुए हैं और साजिशें रच रहें हैं। इन साजिशों में कुछ विदेशी मीडिया एवं उद्योगपति भी शामिल हैं। लेकिन भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं। वो अपनी संप्रभुता और अखण्डता की रक्षा के लिए हमेशा तैयार है।

डॉ वोहरा ने कहा कि चुनाव आने वाला है जिसके मद्देनजर भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो चली हैं। वो मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार को नीचा दिखाने में लगी हैं। इनसे निपटने के लिए सरकार ने कमर कस ली है। कहा कि किसी भी राष्ट्र का विकास तीन चीजों पर निर्भर करता है आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता। जो देश इन तीन चीजों को पालन नहीं करता वो विकास की दौड़ में पीछे रह जाता है। भारत के पास विकास के ये तीनों कारक है। देश की अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि सन् 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था 40 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगी जिससे देश के प्रति व्यक्ति आय में 20 हजार डॉलर तक का इजाफा देखने को मिल सकता है।

उन्होंने विश्व में गहराते पर्यावरण संकट पर गहरी चिंता जताई। कहा कि इसके लिए राष्ट्रों को एकजुट होकर आगे आना होगा। युनाइटेड ग्रुप के चेयरमैन जीजी गुलाटी ने मुख्य अतिथि का स्वागत गुलदस्ता, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड अपने संस्थापक के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है।

अध्यक्ष डॉ. जगदीश गुलाटी ने कहा कि यह दिन यूनाइटेड के एक महान दिन है और फिलीपींस से आये गणमान्य व्यक्तियों, छात्रों, प्रधानाचार्यों, और शिक्षकों ने इसे और विशेष बना दिया है। इस अवसर पर उन्होंने संस्थापक के विजन को भी साझा किया। इस अवसर पर 15 वॉर विडोज और 10 वीर नारियों को देश के लिए बलिदान देने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। फिलिपींस से आए अतिथियों को भी शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के 60 स्कूलों और कॉलेजों के मेधावी छात्रों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सचेत और परम्परा ने किया मंत्रमुग्ध

संस्थापक दिवस का विशेष आकर्षण यूआईटी परिसर, नैनी में आयोजित संगीत संध्या रही। इस अवसर पर संगीतकार, गायक और गीतकार सचेत और परंपरा द्वारा प्रस्तुतियां रहीं। उन्होंने पर कलाकारों ने नये पुराने गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। 'छोड़ दो आंचल जमाना क्या कहेगा', 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे', 'ये झील सी आंखें', 'बिजली गिराने मैं हूं आई', 'मेरा नाम चिन चिन चूं', 'कजरा मोहब्बत वाला', 'रुप है तेरा सोना', 'दिल मेरा सोना' एवं 'दिल चोरी सादा हो गया', 'दिल गलती कर बैठा है', 'मेरे सोनेया' जैसे गीतों को गाकर युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इन सभी के बीच 'शिव तांडव स्त्रोम' की प्रस्तुति ने छः हजार से ज्यादा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर यूजीआई के स्पैरो बैंड के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से खूब ताली बटोरी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने दोस्तों संग सेल्फी भी खींची।

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज**

**(आवश्यक सूचना)**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट इलाहाबाद द्वारा भूखण्ड सं0-33 कटरा हाउसिंग एक्सटेशन स्कीम जिसका क्षेत्रफल 333 वर्गगज की रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांक 07.05.1940 के माध्यम से श्री सरस्वती प्रसाद पुत्र भगवती प्रसाद वर्मा के पक्ष में विक्रय कर दिया गया। श्री सरस्वती प्रसाद पुत्र भगवती प्रसाद वर्मा का स्वर्गवास हो जाने के उपरान्त उनके स्वर्गवास के बाद उनके पुत्र सत्येन्द्र प्रताप ने उक्त जमीन पर निर्माण कराया। जिसका नगर निगम द्वारा 40 / 37 न्यू कटरा आवंटित किया गया। श्री सत्येन्द्र प्रसाद वर्मा की मृत्यु दिनांक 15.05 1999 को गयी तथा उनकी पत्नी श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 03.08.1994 को हो चुकी थी और दोनो लोगों की मृत्यु के बाद भूखण्ड / भवन पर उनके वारिस पुत्र प्रवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व० सत्येन्द्र प्रसाद श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव, श्री प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव, श्री पुनीत कुमार श्रीवास्तव एवं पुत्री श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव पुत्री स्व० सत्येन्द्र प्रसाद हुये। श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव पत्नी श्री अश्वनी कुमार खन्ना पुत्री स्व० सत्येन्द्र प्रसाद द्वारा दिनांक 26.03.2021 को रजिस्टर्ड मुख्तारआम श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व० सत्येन्द्र प्रसाद के नाम मुख्तारआम कर दिया गया। श्री प्रवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 सत्येन्द्र प्रसाद द्वारा दिनांक 06.04.2021 को रजिस्टर्ड मुख्तारआम श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 सत्येन्द्र प्रसाद के नाम मुख्तारआम कर दिया गया। श्री सत्येन्द्र प्रसाद की मृत्य दिनांक 15.05.1999 को एवं श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 03:08:1994 को हो गयी है। श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 सत्येन्द्र प्रसाद बहैसियत मुख्तारआम प्रवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 सत्येन्द्र प्रसाद एवं श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव पत्नी डा० अश्वनी कुमार खन्ना पुत्री सत्येन्द प्रसाद, श्री प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्वङ्ग सत्येन्द्र प्रसाद, श्री पुनीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व० सत्येन्द्र प्रसाद द्वारा कटरा हाउसिंग एक्सटेंशन स्कीम के अन्तर्गत भूखण्ड सं0-33 के क्षेत्रफल 333 वर्गगज के अंशभाग क्षेत्रफल 121.84 वर्गमीटर पर स्थित भवन स०-40/37 न्यू कटरा प्रयागराज को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांक 06.08.2021 के माध्यम से श्री गौरव त्रिपाठी पुत्र श्री जगदीश्वर लाल त्रिपाठी के पक्ष में विक्रय कर दिया गया। श्री गौरव त्रिपाठी पुत्र श्री जगदीश्वर लाल त्रिपाठी द्वाराब कटरा हाउसिंग एक्सटेंशन स्कीम के अन्तर्गत भूखण्ड स०-33 के अंशभाग क्षेत्रफल 8066 वर्गगज यानि 72.48 वर्गमीटर पर स्थित भवन सं0-40 / 37 न्यू कटरा प्रयागराज को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2022 के माध्यम से श्रीमती शानू जायसवाल पत्नी श्री आलोक जायसवाल के पक्ष में विक्रय कर दिया गया। श्रीमती शानू जायसवाल पत्नी श्री आलोक जायसवाल द्वारा इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट डीड, रजिस्टर्ड विक्रय विलेख. आधार कार्ड की छायाप्रति एवं एफीडेविट / शपथ-पत्र संलग्न कर कटरा हाउसिंग एक्सटेंशन स्कीम के अन्तर्गत भूखण्ड स०-33 के अंशभाग क्षेत्रफल 80.66 वर्गगज यानि 72.48 वर्गमीटर पर स्थित भवन सं0-40 / 37 न्यू कटरा प्रयागराज पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु ऑनलाइन प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया है, जो इस कार्यालय में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई विधिक आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिन के अन्दर विहित सम्पत्ति में अपना हित स्पष्ट करते हुए अभिलेखीय साक्ष्यों सहित अपनी लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मानते हुए कि उक्त नामान्तरण से किसी को कोई आपत्ति नहीं है, नियमानुसार प्राधिकरण के नियम / शर्तों के आधार पर कटरा हाउसिंग एक्सटेंशन स्कीम के अन्तर्गत भूखण्ड सं0-33 के अंशभाग क्षेत्रफल 80.66 वर्गगज यानि 72.48 वर्गमीटर पर स्थित भवन स0-40 / 37 न्यू कटरा प्रयागराज पर श्रीमती शानू जायसवाल पत्नी श्री आलोक जायसवाल का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्र0अधि० इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट**
**प्रयागराज विकास प्राधिकरण**

पत्रांक-14/ज0स0अ0/वि0प्रा0/2023-24 दिनांक-13.04/2023

## हार्टफुलनेस संस्था की तरफ से निबंध प्रतियोगिता



**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज में हार्टफुलनेस संस्था की तरफ से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका विषय "कर्म में ही करुणा की दयालुता है "पर विद्यालय के 106 छात्रों ने प्रतिभाग किया यह प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों में संपन्न हुई, इनमें से 27 छात्रों ने अपना स्थान प्रदेश स्तर तक बनाया जिनके नाम निम्नवत हैं - श्लोक मिश्रा, जया विश्वकर्मा, दिव्यांशी पाल, पूर्णिमा तिवारी, आयुषी शुक्ला, आस्था सिंह, आकृति पाल, महक रावत, प्रशांत तिवारी, लखन, कशिश कनौजिया, क्षमा यादव, प्राची सिंह, आयुष गुप्ता, शिवम मिश्रा, मुकेश कुमार मिश्रा, शशी सिंह, शिवानी तिवारी, पंकज कुमार, कृतिका सिंह, अंजली गुप्ता, रिशु जयसवाल, साक्षी सिंह, पलक त्रिपाठी, दिव्यांशु पांडे, आशुतोष यादव एवं अंकुश पाल है, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने सभी छात्रों को वंदना सभा में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया उक्त अवसर पर समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## साईबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम



**नैनी।** गुरूवार को आर0 के0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीयूशन्स नैनी, प्रयागराज के सभागार में साईबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी एवं फामेर्सी प्राचार्य डॉ0 सी0एस0 सिंह जी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रभारी साईबर क्राईम थाना प्रयागराज के श्री जय प्रकाश सिंह एवं पंकज कुमार जी ने छात्र-छात्राओं के साथ साईबर अपराध से बचने के लिये विभिन्न विन्दुओं पर जानकारी साझा करते हुये बताया कि साईबर क्राईम उस तरह के अपराध होते हैं जो कम्प्यूटर व मोबाईल के माध्यम से इंटरनेट एवं साइबर स्पेस पर किये जाते हैं। यह एक ऐसा अपराध होता है जिसमे कम्प्यूटर और इंटरनेट का उपयोग किया जाता है और पूरी प्रक्रिया ऑन लाईन होती है इसे तहत हैकिंग, स्पैमिंग, डाटा लीक, ओ0टी0पी0 का मिसयूज आदि आते हैं। उन्होने छात्रों को बताया कि मोबाईल पर प्राप्त किसी अनजाने लिंक को कभी भी न छुयें और अनजानी काल द्वारा कोई ओ0टी0पी0 के बारे में आपसे जानकारी मांगे उसे भी कभी भी नही बताना चाहिये नही तो आपका बैंक एकाउंट खाली हो सकता है। उक्त कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के अतिरिक्त सोसल मीडिया महिला सुरक्षा प्रियंका दुबे एवं प्रीति पाण्डेय थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र श्री संजीव चैबे व संड़वा चैकी इंचार्ज श्री चन्द्रपाल सिंह जी विधि प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद जफर, रजिस्ट्रार श्री अनुज शुक्ला, एडवोकेट सुशील कुमार शुक्ला, विजय सोनी, अनुभव शुक्ला आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## घर के सामने खड़े डीजे का हजारों का सामन चोरी एक नामजद

**मऊआइमा।** मऊआइमा के चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल गांव निवासी जयस कुमार पुत्र राम चरन का आरोप है कि वह अपना डीजे घर के सामने खडा किए हुए था। जिसका उपकरण विगत दिनों चोरी हो गया था। बताया गया है कि डी जे में लगभग 75 हजार का सामान लगा हुआ था।भुक्तभोगी जयस कुमार ने ग्राम जाम्हा निवासी मोहम्मद सैफ पुत्र मासूक पर चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मऊआइमा की बेटी शिखा मौर्या बनी पीसीएस, हुआ स्वागत



पीसीएस बनने पर बधाई देने पहुंचे लोग

**मऊआइमा।** मऊआइमा की शिखा मौर्या के यूपीपीसीएस की परीक्षा में सफलता होने के बाद जब पहली बार गांव पहुंची तो ग्रामीण खुशी से झूम उठे। और सैकड़ो की संख्या में स्वागत करने वालो की भीड़ एकत्रित हो गई।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांका जलालपुर निवासनीय शिखा मौर्या पुत्री आशीष कुमार मौर्या यूपीपीसीएस में आने से गांव में खुशी मची थी।शिखा मौर्या जब अपने पैतृक गांव बांकाजलालपुर पहुंची तो परिजनों में खुशी के आंसू छलक आए। परिजनों एंव ग्रामीणों द्वारा शिखा को माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिखा अपने पिता आशीष कुमार मौर्या माता सरोजा देवी मौर्या की अकेली संतान है। वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रहकर शिक्षा ग्रहण कर इस मुकाम पर पहुंची। शिखा ने बताया कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, कभी न कभी सफलता जरूर कदम चूमती है। उनके पिता आशीष कुमार मौर्य बाबागंज जनपद प्रतापगढ स्थित प्राथमिक विद्यालय डिहवा जलालपुर में प्रधानाध्यापक है। तथा सरोजा देवी मौर्या गृहणी है। इस मौके पर इस अवसर पर दादा कन्हैया लाल मौर्य, दादी चन्द्रमा मौर्या, चाचा विनीत कुमार मौर्य, चाची रेखा मौर्य ने शिखा को आशिर्वाद दिया। ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल, कॉपरेटिव अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, दिनेश पटेल, चंद्रिका प्रसाद मौर्य रणविजय मौर्य रणजीत सिंह मौर्य प्रहलाद मौर्य, मदन लाल गुप्ता, आकाश शर्मा, संतोष कुमार मौर्य, सुधीर मौर्य, संतोष प्रजापति, ललित यादव, दिलीप कुमार, समीर, संजय कुमार, लवलेश कुमार आदि बडी संख्या में ग्रामीणों ने बधाई दी है। शिखा मौर्या को फिलहाल टैक्स एससिसमेंट ऑफिसर का पद मिला है।

## रामनगर पंचायत भवन पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति अनावरण आज

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के रामनगर ग्राम सचिवालय पर शुक्रवार को बाबा साहब की 132वीं जयंती के उपलक्ष में उनकी मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान रामनगर संगीता नीरज सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा विधायक होंगे। ग्राम प्रधान ने गांव एवं क्षेत्र की जनता से उक्त मौके पर पहुंचने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने राम रूप सिंह

**करछना।** विकास खण्ड करछना ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष पद का गठन किया गया जिसमें ग्राम विकास अधिकारी ( सचिव) राम रूप सिंह, विकास खंड करछना को सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद नामित किया गया है ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विकास खंड करछना के सचिव अध्यक्ष पद पर निर्विरोध घोषित किया गया, वही अब्दुल वारी को उपाध्यक्ष, मंत्री पद पर राज कपूर गौतम, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, अक्षत सिंह को मीडिया प्रभारी एवं आदित्य कुमार पौडवाल को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किए गए, बैठक में उपस्थित कमल सिंह,राम सकल, अशोक कुमार सिंह, महेश कुमार, मनीष कुमार, अमित यादव, अमरेश सिंह, आंनद कुमार, श्रीधर, रमाशंकर, रोहित कुमार,हरी लाल सिंह सहित करछना ब्लाक के कर्मी शामिल रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नसीरपुर वि0खं0 मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी**

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नसीरपुर विकास खण्ड मूरतगंज जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, 14वॉ वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 14-04-2023 से 26-04-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26-04-2023 को समय दोपहर 2 बजे में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

**राम किशोर**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नसीरपुर
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

**त्रिलोकी नाथ पटेल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नसीरपुर
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक-13/04/2023

**वन अम्ब्रेला चैरिटेबल ट्रस्ट में मानसिक मन्दित/रूग्ण रोगियों के देखभाल हेतु रिक्त पद की भर्ती हेतु ज्ञापन**

| क्र.सं. | पदनाम | रिक्त पद | निर्धारित शैक्षिक/अनुभव योग्यता | वेतन (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समन्वयक | 1 | विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बंधित विषय में परास्नातक की उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 07 वर्षो का कार्य अनुभव। | 15,000/- |
| 2. | गृह सेवक (पुरूष) | 2 | कक्षा 10 | 10,000/- |
| 3. | गृह सेवक (महिला) | 2 | कक्षा 10 | 10,000/- |
| 4. | रसोइया (पुरूष) | 1 | कक्षा 5 उत्तीर्ण तथा पाक कला का ज्ञान होना आवश्यक है। | 8,000/- |
| 5. | रसोइया (महिला) | 1 | कक्षा 5 उत्तीर्ण तथा पाक कला का ज्ञान होना आवश्यक है। | 8,000/- |
| 6. | भण्डार लिपिक | 1 | कक्षा 10 उत्तीर्ण। | 8,000/- |
| 7. | अंशकालिक योग प्रशिक्षक (साप्ताहिक विजिट) | 1 | सम्बंधित क्षेत्र में डिप्लोमा। | 1000/- प्रत्येक विजिट |
| 8. | वोकेशनल प्रशिक्षक | 1 | कक्षा 10 उत्तीर्ण अथवा समकक्ष तथा सम्बंधित ट्रेड में प्रमाण पत्र। | 10,000/- |
| 9. | अंशकालिक व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञानी (न्यूनतम दो साप्ताहिक विजिट) | 1 | सम्बंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा पी0जी0 डिप्लोमा तथा दो वर्ष का कार्य अनुभव। | 2,000/- प्रत्येक विजिट |
| 10. | चौकीदार | 1 | कक्षा 5 | 8,000/- |
| 11. | सफाई कर्मी | 1 | -------- | 7,000/- |

इच्छुक आवेदक अपना आधार, पैन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 16 अप्रैल 2023 को पता-वन अम्ब्रेला आश्रम ग्राम व पोस्ट-पुरखास, थाना सरांय अकिल, ब्लाक नेवादा, तहसील व परगना-चायल, जनपद कौशाम्बी, समय दिन 11 बजे उपस्थित हों।

**द्वारा-संस्थापक/मुख्य न्यासी**
**वन अम्ब्रेला चैरिटेबल ट्रस्ट**
**मो0: 7752911733, 7458087563**

Letter No. 16/OUCT/KAUSHAMBI/2023 Date : 13/04/2023



उरूवा के बरी गांव में पीएम आवास योजना की जांच करती जिले की टीम

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 33.00 |
| न्यूनतम : | 20.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### प्रयागराज सपा कमेटी का अधूरा कार्यकारणी का गठन होने से पुराने सपाईयों में नाराजगी

**मऊआइमा।** प्रयागराज सपा की कमेटी के कार्यकारणी का अधूरा गठन होने से पुराने सपाईयों में काफी आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद में सपा के कार्यकारणी में अध्यक्ष अनिल यादव और महासचिव राम सुमेर पाल के अलावा किसी को तरजीह न देने जैसे मुस्लिम समुदाय सपा का कोर मतदाता है। निकाय चुनाव में उम्मीदवारों का फैसला अधूरा लटका हुआ है। पुराने सपाईयों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सपा कार्यकारिणी में मुस्लिम, पटेल ,दलित, मौर्या, प्रजापति ,विश्वकर्मा आदि को उपेक्षित किया जा रहा है। पुराने सपाइयों का आरोप है कि जो लखनऊ कार्यालय का चक्कर लगाते हैं उनहें पद मिल जाता है जो जनता की समस्याओं को लेकर लडता है। चुनाव जीताने के लिए दिन रात एक कर देता है। जमीनी लोगों को कोई एहमियत नहीं दी जाती है। कार्यकारणी का गठन अधूरा है और निकाय चुनाव लडने वालों का दो लोग फैसला ले रहे हैं। आरोप है कि यदि जल्द सपा कार्यकारिणी में मुस्लिम कोर मतदाताओं के नेताओं को तरजीह नहीं दी जाती तो सपा को खमियाजा भुगतना पड़ सकता है ?

# माफिया अतीक का लाडला बेटा असद और शूटर गुलाम का एनकाउंटर

**प्रयागराज।** झांसी के बड़ागांव में परीछा डैम के पास माफिया अतीक अहमद का बेटा असद और शूटर गुलाम का एसटीएफ ने एनकाउंटर किया। गुरुवार को गैंगस्टर अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को बाबा के जाँबाज सिपाहियों ने मार गिराया। दोनों उमेश पाल मर्डर केस में मोस्टवांटेड थे। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस के मुताबिक इनके पास विदेशी हथियार भी मिले हैं।

24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद से ही असद और गुलाम मोहम्मद फरार थे। एसटीएफ 48 दिन से लगातार इन्हें ट्रेस कर रही थी और झांसी इनकी लोकेशन मिलने पर मार गिराया। एनकाउंटर को डिप्टी एसपी नवेंदु और डिप्टी एसपी विमल लीड कर रहे थे।इनके साथ पुलिस के दस जवान शामिल थे। डीआईजी अनंत देव तिवारी ने कहा- असद और गुलाम को हमारी टीम ने मार गिराया है। इनके पास से पिस्टल, रिवाल्वर और विदेशी हथियार बरामद हुए हैं।

**प्रशांत कुमार एडीजी लॉ एंड ऑर्डर का बयान**

पुलिस वारंट बी लेकर साबरमती और बरेली से अतीक और अशरफ को प्रयागराज लाई थी। इनपुट थे कि रास्ते में काफिले पर हमला करके अतीक को छुड़ाने की प्लानिंग की जा रही है। इसे देखते हुए स्पेशल फोर्सेस लगाई गई थीं।गुरुवार को 12.30 से 1.00 बजे के बीच सूचना के आधार पर कुछ लोगों को रोका गया तो दोनों तरफ से गोलियां चलीं। उस ऑपरेशन में एसटीएफ ने असद और गुलाम पर फायरिंग की। ये घायल हुए और बाद में दम तोड़ दिया।पुलिस के काफिले पर हमला कर अतीक और अशरफ को छुड़ाने की साजिश असद और गुलाम ने रची थी।ऐसा इनपुट मिला था इसलिए सुरक्षा पुख्ता कर साजिश नाकाम की गई।



एनकाउंटर में ढेर अतीक का बेटा असद

**एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया**

हमें जानकारी थी कि इनके पास विदेशी हथियार हैं। हम तैयार थे। जिस तरह इस गैंग ने उमेश पाल और उनके दोनों सुरक्षा कर्मी को मारा था इन आरोपियों को पकड़ना आसान नहीं था। दोनों के पास ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर और वाल्थर पिस्टल मिली है। ये हथियार रेयर हैं। सामान्यतः मिलते नहीं हैं।

**उमेश पाल की मां ने कहा**

मेरे बेटे को सरेआम गोली मारकर हत्या मेरे दरवाजे पर की गई थी।इस कार्रवाई से हम लोगों को थोड़ी सी शांति मिली है। मेरे बेटे के हत्यारे मारे गए। ये जो 2 एनकाउंटर हुए हैं उन्हें पाप की सजा मिली। देर है अंधेर नहीं है। योगीजी को धन्यवाद।

### बेटे के एनकाउंटर का पता चलते ही रोने लगा माफिया अतीक

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्या कांड में आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने दोनों को कुछ दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों नैनी जेल में बंद रहेंगे। पुलिस ने भी दोनों की 14 दिन की रिमांड मांगी थी,कुछ दिनों की रिमाड मिली हैं जिस पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। उधर कोर्ट से बाहर निकलते ही वकीलों ने अतीक पर जूता फेंककर मारा। पेशी के दौरान जब अतीक को बेटे असद के एनकाउंटर की खबर मिली तो कोर्ट में ही फूट–फूटकर रोने लगा। अतीक वहीं जमीन पर बैठ गया। कुछ देर बाद उसने पीने के लिए पानी मांगा। वहीं कोर्ट परिसर में अतीक अहमद मुदार्बाद उमेश पाल अमर रहें के नारे लगे। साथ ही, योगी–मोदी जिंदाबाद के भी नारे लगाए गए। वकीलों के गुस्से को देखते हुए अतीक और अशरफ को आरएएफ की सुरक्षा के बीच सुरक्षित निकाला गया। पुलिस दोनों को एक ही प्रिजन वैन में बैठाकर नैनी सेंट्रल जेल ले गई।कोर्ट परिसर में अतीक और अशरफ को देख वकील नारेबाजी करने लगे। लोगों का गुस्सा साफ नजर आ रहा था।

**शाइस्ता परवीन ने असद को लेकर अतीक से की थी बातचीत**

उमेश पाल मर्डर में असद का नाम और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद शाइस्ता ने अतीक अहमद से नाराजगी जाहिर की थी। रोते हुए कहा था कि असद अभी बच्चा है। उसे इस मामले में नहीं लाना चाहिए था। यह सुनने के बाद माफिया डॉन अतीक अहमद नाराज हो गया था।

डांटकर उसने शाइस्ता परवीन से कहा था- असद शेर का बच्चा है। उसने शेरों वाला काम किया है। आज उसकी वजह से ही मैं 18 साल बाद चैन की नींद सोया हूं। उमेश के चलते मेरी नींद हराम हो गई थी। अब तुम बेवजह बात करके मेरा मूड न खराब करो। सब मैनेज हो जाएगा।

**उमेश हत्याकांड के बाद अब तक 4 एनकाउंटर**

अतीक के बेटे असद का उमेश हत्याकांड में शूटिंग करते हुए वीडियो सामने आया था। इसे प्रयागराज पुलिस ने जारी किया था।24 फरवरी को प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में यूपी पुलिस अब तक 4 शूटर्स का एनकाउंटर कर चुकी है। पहला एनकाउंटर प्रयागराज में ही 27 फरवरी को अरबाज का हुआ था। अरबाज उस क्रेटा कार को चला रहा था, जिससे बदमाश उमेश पाल के घर तक पहुंचे थे। इसमें असद भी था।वहीं, दूसरा एनकाउंटर 6 मार्च को हुआ था। इसमें उमेश पर पहली गोली चलाने वाले विजय चौधरी उर्फ उस्मान को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके अलावा, असद और गुलाम को गुरुवार को एनकाउंटर हुआ। यानी, अब तक इस मामले में 4 एनकाउंटर हो चुके हैं। अतीक के परिवार की मदद करने वाले 3 आरोपियों और करीबियों के घर पर बुलडोजर भी चल चुका है।

# दस मत पाकर सत्यम तिवारी बने अध्यक्ष श्यामराज यादव को मिले मात्र दो मत

**चुनाव**

**श्यामराज यादव को अध्यक्ष बनाने की सहकारिता विभाग की योजना धरी की धरी रह, बुरी तरह हारे श्यामराज यादव**

**मेजा।** सहकारी क्रय विक्रय समिति सिरसा के अध्यक्ष पद का चुनाँव गुरुवार को गहमा गहमी के बीच संपन्न हो गया । यहाँ पर शासन की ओर से एक संचालक मनोनीत सहित कुल 12 संचालक थे । अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को तीन नामांकन किया गया जिसमें तेंदुआ कला समिति के संचालक सत्यम तिवारी और रैपुरा समिति से अनूप चंद मिश्र व सिरसा क्रय विक्रय समिति व्यक्तिगत से श्यामराज यादव ने नामांकन कराया था बाद में सत्यम तिवारी के पक्ष में अनूप चंद मिश्र ने अपना नामांकन वापस ले लिया । नामांकन प्रक्रिया में बाद मतदान हुआ जिसमें सत्यम तिवारी को 10 बोट मिले और श्यामराज यादव को मात्र 2 मत ही मीले जिससे सत्यम तिवारी की 8 वोटों से जीत हुई ।

गौरतलब हो कि सिरसा क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद का चुनाँव बहुत ही रोचक था । अध्यक्ष पद से निवर्तमान अध्यक्ष सिरसा क्रय विक्रय समिति सिरसा रामसागर यादव उर्फ मुखिया को चुनाँव से बाहर करने के लिए और श्याम राज यादव को अध्यक्ष बनाने के लिए भाजपा नेताओं के दबाव में सहकारिता विभाग ने तरह तरह के हतकंडे अपनाए । पहले तो विभाग ने रातों रात 1104 मतदाता फर्जी तरीके से बढ़ा दिया उससे भी काम नहीं बना तो मुखिया यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया । सहकारिता विभाग के खेल से मुखिया तो चुनाँव से बाहर हो गए लेकिन श्यामराज यादव अध्यक्ष नहीं बना पाये चुनाँव में बुरी तरह से हार हुई 12 में दो मत ही पाए 10 मत सत्यम तिवारी ने प्राप्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यम तिवारी व साथ में समर्थक

बता दें कि मुखिया यादव चुनाँव हारकर भी जीत गए । मुखिया चुनाँव की ऐसी रणनीति बनाई की शासन की मंशा श्यामराज यादव को अध्यक्ष बनाने की धरी की धरी रह गई । निष्पक्ष चुनाँव कराने व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए मेजारोड चौकी प्रभारी रामभवन वर्मा सहित दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे । इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष साधन सहकारी समिति राहुल तिवारी, समी शुक्ल, आशुतोष मिश्र, अमीन सिंह, सिद्धान्त तिवारी, पप्पू उपाध्याय, दिनेश मिश्र, राकेश तिवारी, राहुल मिश्र, अमीन सिंह, सूर्य प्रकाश उर्फ मौशम यादव सहित सैकड़ों लोग रहे।

### लल्ली देवी निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित



**मेजा।** माण्डा क्रय विक्रय समिति की संचालक लल्ली देवी पत्नी हरि प्रसाद पाण्डेय क्रय विक्रय समिति सिरसा की निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गई। लल्ली देवी के उपाध्यक्ष चुने जाने पर नित्यानंद उपाध्याय, बरिष्ट समाज सेवी सिद्धान्त तिवारी, पप्पू उपाध्याय सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-इंटवा खुर्द, वि0खं0 मेजा, प्रयागराज**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत इंटवा खुर्द विकास खण्ड मेजा जनपद प्रयागराज में 14/15वॉ वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़ंजा निर्माण खड़ंजा मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौंचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौंचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0 सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ-सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, मास्क, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूड़ा गाड़ी/ई-रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 20.04.2023 से 23.04.2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 29.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत पाक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2023/2024 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**पुष्पराज सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-इंटवा खुर्द
वि0खं0 मेजा, प्रयागराज।

**सुनील कुमार सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-इंटवा खुर्द
वि0खं0 मेजा, प्रयागराज।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-पालपट्टी, वि0खं0 मेजा, प्रयागराज**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

**कोलकाता।** रिंकू सिंह की तूफानी पारी के बाद उत्साह से लबरेज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना जब शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो उसकी निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। इस सत्र के अपने पहले मैच में मोहाली में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद केकेआर को दो नए नायक मिले जिन्होंने उसे अगले दोनों मैचों में जीत दिलाई। पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शार्दुल ठाकुर ने अपने बल्ले से कमाल दिखाया और 29 गेंदों पर 68 रन की तूफानी पारी खेलकर केकेआर को 81 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों पर छक्के जड़कर अपनी टीम को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। इस तरह से केकेआर की निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं। नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी केकेआर को खल रही है लेकिन अचानक ही वह मजबूत टीम के रूप में उभर कर सामने आई है। केकेआर की दोनों जीत में उसके स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और कप्तान नितीश राणा की खास योगदान नहीं रहा और अब टीम प्रबंधन यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगा कि उसे ये जीत संयोग से नहीं मिली थी। रसेल ने पंजाब के खिलाफ पहले मैच में 19 गेंदों पर 35 रन बनाए थे लेकिन अगले दो मैचों में वह शून्य और एक रन ही बना पाए। जमैका का यह आक्रामक बल्लेबाज अब बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होगा। केकेआर ने अभी तक तीनों मैच में अलग-अलग सलामी जोड़ियां आजमाई हैं और फिर से इसमें बदलाव की संभावना है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को अफगानिस्तान के रहमनुल्लाह गुरबाज के स्थान पर अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। जहां तक सनराइजर्स का सवाल है तो एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली टीम हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल और हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी में कागजों पर मजबूत नजर आती है। सनराइजर्स के पास सीमित ओवरों के कई विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं लेकिन वे पहले दो मैचों में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। सनराइजर्स ने पिछले मैच में राहुल त्रिपाठी की नाबाद 74 रन की पारी के दम पर पंजाब को आठ विकेट से हराया था। इस जीत से उत्साह से ओतप्रोत ब्रायन लारा की कोचिंग वाली सनराइजर्स की टीम केकेआर को कड़ी टक्कर देने के लिए मैदान पर उतरेगी। त्रिपाठी फिर से बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभा सकते हैं जबकि सनराइजर्स को ब्रूक और क्लासेन से भी अच्छे योगदान की उम्मीद रहेगी। सनराइजर्स के पास वाशिंगटन सुंदर और मयंक मार्कंडेय के रूप में दो उपयोगी स्पिनर हैं। इसके अलावा उसके पास भुवनेश्वर कुमार और मार्को यानसन जैसे तेज गेंदबाज हैं जिससे वह केकेआर के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकता है। केकेआर अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और इस मैच में जीत से वह शीर्ष पर पहुंच सकता है।




***टीमें इस प्रकार हैं:***

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और जेसन रॉय।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मार्कंडेय, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील हुसैन और अनमोलप्रीत सिंह। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## रुद्रांक्ष पाटिल और अंजुम मोदगिल को प्रेसिडेंट कप में पदक जीतने के लिए मिलेगी पुरस्कार राशि



**नई दिल्ली।** भारत के विश्व चैम्पियन राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल और महिला निशानेबाज अंजुम मोदगिल को आखिरकार पिछले साल प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट कप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतने के लिए पुरस्कार राशि मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के पदाधिकारियों में बदलाव के कारण इस पुरस्कार राशि को लेकर अनिश्चितता बन गई थी। महाराष्ट्र के रहने वाले निशानेबाज रुद्रांक्ष को पिछले साल काहिरा में प्रेसिडेंट कप जीतने पर अपने करियर की सबसे बड़ी धनराशि 15,000 यूरो (लगभग 13.25 लाख रुपये) मिलेगी। अंजुम ने इस प्रतियोगिता में महिलाओं की राइफल थ्री पोजीशन में रजत पदक हासिल किया था जिसके लिए उन्हें 6.25 लाख रुपए मिलने हैं। आईएसएसएफ के पूर्व प्रमुख व्लादिमीर लिसिन अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे थे लेकिन इस खेल संस्था के नए अध्यक्ष लूसियानो रोसी ने बुधवार को कहा कि वह पूर्व में किए गए इस वादे को पूरा करेंगे और सत्र के आखिर में होने वाले इस टूनार्मेंट के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि दी जाएगी। रोसी ने बुधवार को बयान में कहा,ह्यह्य प्रिय खिलाड़ियों, मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईएसएसएफ ने प्रेसिडेंट कप 2022 के लिए पुरस्कार राशि के भुगतान के संबंध में एक समझौता किया है और वादे के अनुसार यह पुरस्कार राशि आपको दी जाएगी।

## न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी करने पर SC ने ललित मोदी को लगाई फटकार, बिना शर्त माफी मांगने को कहा

### लिखा-ये दलाल झूठ फैलाकर भारत और इसकी न्यायपालिका को बदनाम करते हैं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पोस्ट में न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी की गुरुवार को जमकर खिंचाई की और उन्हें बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया।

यह देखते हुए कि ललित मोदी कानून और संस्था से ऊपर नहीं हैं, जस्टिस एमआर शाह और सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि कोर्ट उनके द्वारा दायर जवाबी हलफनामे से संतुष्ट नहीं है।

शीर्ष अदालत ने पूर्व-आईपीएल आयुक्त को सोशल मीडिया और प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में भी माफी मांगने का निर्देश दिया।



शीर्ष अदालत ने उन्हें माफी मांगने से पहले एक हलफनामा दायर करने का भी निर्देश दिया और कहा कि भविष्य में ऐसी कोई पोस्ट नहीं की जाएगी जो भारतीय न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने के लिए दूर-दूर तक समान हो। इससे पहले ललित मोदी ने बुधवार को एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था- केवल यह स्पष्ट करने के लिए कि ये दलाल झूठ फैलाकर भारत और इसकी न्यायपालिका को बदनाम करते हैं। वे दिखावे के अलावा और कुछ नहीं कर सकते और फिक्सिंग के लिए पैसे की मांग करते हैं। हालांकि, यह ट्वीट किस बारे में था अब तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। ऐसा बताया जा रहा है कि ललित मोदी ने अपने ऊपर लगे मामलों को लेकर टिप्पणी की है।

## चेन्नई को लग सकता है बड़ा झटका धोनी को लगी चोट गंभीर, यह पेसर भी अगले दो हफ्ते के लिए टीम से बाहर



आईपीएल 2023 में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के नतीजे से टीम उबर नहीं पाई थी कि चेन्नई के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने एक और झटका दिया है। राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद फ्लेमिंग ने बताया कि टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं और यह उनके प्रदर्शन पर प्रभाव डाल रहा है।

***धोनी को पहले ही मैच में लगी थी चोट***

धोनी को टूनार्मेंट के शुरूआती मैच यानी गुजरात टाइटंस के खिलाफ ही घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वह अगले कुछ मैचों के दौरान लंगड़ाते हुए दिखे। हालांकि, उन्होंने चेन्नई के चारों मैचों में हिस्सा लिया है। सीएसके ने अब तक इस सीजन में चार में से दो मैच जीते हैं और दो में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, काइल जेमीसन की जगह टीम में शामिल किए गए दक्षिण अफ्रीकी पेसर सिसांदा मगाला भी चोट की वजह से अगले दो हफ्ते के लिए टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें राजस्थान के खिलाफ मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए कैच लेते वक्त अंगुली में चोट (स्प्लिट वेबिंग) लगी थी।

***फ्लेमिंग ने धोनी को लेकर क्या कहा?***

फ्लेमिंग ने मैच के बताया- धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, जिसे आप उनके कुछ मूवमेंट में देख सकते हैं। यह चोट उन्हें कुछ हद तक उन्हें दिक्कतें दे रही हैं। उनकी फिटनेस प्रोफेशनल रही है। वह टूनार्मेंट शुरू होने से महीनों पहले टीम से जुड़ जाते हैं। वह रांची में कुछ दिनों तक नेट्स सेशन करते हैं, लेकिन उनका मुख्य लक्ष्य प्री-सीजन प्रैक्टिस पर होता है। हालांकि, फ्लेमिंग ने भरोसा जताया है कि भारत के पूर्व कप्तान अपनी चोट को अच्छी तरह से मैनेज कर लेंगे और टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

***मगाला की चोट पर नाखुश दिखे फ्लेमिंग***

फ्लेमिंग ने धोनी की फिटनेस के बारे में चिंताओं को दूर करते हुए कहा- वह मैच फॉर्म में वापस आने के लिए अपने तरीके से काम करते हैं। आप अभी भी देख सकते हैं कि वह काफी अच्छा खेल रहे हैं। वहीं, सिसांदा मगाला को राजस्थान के खिलाफ दो ओवर फेंकने के बाद एक चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। फ्लेमिंग ने कहा- हमारे लिए फिर से एक खिलाड़ी चोटिल हो गया है। यह लगातार दूसरे मैच में हुआ है। हम पहले से ही खिलाड़ियों के मामले में सिमित हैं, इसलिए मैं चाहूंगा कि यह चोट का सिलसिला रुके।

***सीएसके के चोटिल खिलाड़ियों की संख्या बढ़ी***

सीएसके के चोटिल खिलाड़ियों की लिस्ट दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आईपीएल ऑक्शन में 16.25 करोड़ रुपये में खरीदे गए इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एड़ी की चोट के कारण कुछ मैचों से बाहर हो गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैमस्ट्रिंग की चोट लगी थी। ऐसा माना जा रहा है कि दीपक पूरे सीजन के लिए टीम से बाहर हो गए हैं।

# क्या वनडे विश्व कप भी नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह?

***29 वर्षीय तेज गेंदबाज बुमराह ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई थी***



### इयान बिशप ने दी चुनिंदा टूर्नामेंट में खेलने की सलाह..

**नई दिल्ली।** अपने क्रिकेट करियर के दौरान पीठ की चोटों से जूझने वाले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अब अपने एक्शन में बदलाव नहीं कर सकते और उन्हें चोटों से बचने के लिए चुनिंदा टूनार्मेंट में ही खेलना चाहिए। बुमराह पीठ में दर्द के कारण पिछले साल सितंबर से कोई मैच नहीं खेले हैं और उनका इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई थी। बुमराह को अपने अनूठे एक्शन का फायदा भी मिला लेकिन इससे उनकी पीठ पर अधिक जोर पड़ता है जिससे वह अक्सर चोटिल हो जाते हैं। वेस्टइंडीज की तरफ से 43 टेस्ट और 84 वनडे खेलने वाले बिशप का मानना है कि करियर के इस मोड़ पर बुमराह के लिए एक्शन बदलना संभव नहीं होगा और उन्हें व्यस्त कार्यक्रम के बीच कुछ चुनिंदा टूनार्मेंट में ही खेलना चाहिए। बिशप ने कहा, मुझे नहीं लगता कि तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन का कोई नुस्खा है क्योंकि हम इन बेहतरीन खिलाड़ियों के दिमाग और शरीर को लेकर फैसला नहीं कर सकते। इस पर फैसला स्वयं खिलाड़ी और उसके करीबी प्रशासकों को करना है लेकिन मैं संचालन संस्थाओं को एक सलाह दे सकता हूं कि आप इन खिलाड़ियों (जैसे बुमराह) को प्रत्येक टूनार्मेंट में नहीं खिला सकते हो।

उन्होंने कहा, इतनी अधिक क्रिकेट चल रही है और ऐसे में खिलाड़ियों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण टूनार्मेंट का चयन करना शुरू करना होगा। आप चाहते हैं कि बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज अपनी गति बनाए रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। तभी उनका महत्व भी है लेकिन उनको खिलाने में बेहद सावधानी बरतें। बिशप ने इसके साथ ही कहा कि भले ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हाल में टेस्ट श्रृंखला में अपनी घरेलू धरती पर पराजित किया लेकिन जून में लंदन के ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में परिस्थिति पूरी तरह से भिन्न होगी। भारत लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलेगा। बिशप ने कहा, यह भारत में खेली गई श्रृंखला से पूरी तरह भिन्न होने जा रहा है लेकिन यह काफी प्रतिस्पर्धी मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला के आखिर में अच्छी फॉर्म हासिल की थी और वह बेहतर स्थिति के साथ इंग्लैंड जाएगा। उन्होंने कहा, ओवल में दोनों टीम के लिए समान परिस्थितियां होंगी। भारत को पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलने का अनुभव है। उम्मीद है कि वह अच्छी तैयारियों के साथ मैदान पर उतरेगा और आस्ट्रेलिया भी ट्रॉफी हासिल करने के लिए कसर नहीं छोड़ेगा इसलिए यह शानदार मैच होने वाला है। बिशप ने इस पर भी हैरानी जताई कि अच्छी प्रतिभा होने के बावजूद भारत पिछले 10 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का कोई टूनार्मेंट नहीं जीत पाया है। उन्होंने कहा, यह हैरानी भरा है। इस पर आश्चर्यचकित होना लाजमी है क्योंकि आपके पास प्रतिभा की कमी नहीं है।

# दोहा डायमंड लीग के साथ सत्र की शुरूआत करेंगे नीरज चोपड़ा

***टोक्यो ओलंपिक में 2021 में इतिहास रचने के बाद चोपड़ा ने अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता जहां पीटर्स ने स्वर्ण जीता***



नई दिल्ली। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा में पांच मई को सितारों से सजी डायमंड लीग प्रतियोगिता के साथ सत्र की शुरूआत करेंगे। पिछले साल सितंबर में डाइमंड लीग का ग्रैंड फिनाले जीतने वाले गत चैंपियन 25 साल के चोपड़ा के अलावा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच भी इस 14 चरण की एक दिवसीय सीरीज की सत्र की पहली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पिछले साल स्टॉकहोम में डायमंड लीग प्रतियोगिता में रजत पदक के दौरान 89.94 मीटर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चोपड़ा अभी तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे हैं और 31 मई तक वहां रहेंगे। चोट के कारण यह भारतीय सुपरस्टार दोहा 2022 डाइमंड लीग में नहीं खेल पाया था जहां पीटर्स ने 93.07 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीता था जो इतिहास की पांचवीं सबसे लंबी दूरी थी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वाडलेच 90.88 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस स्टार तिकड़ी के अलावा दोहा प्रतियोगिता में यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकोट (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.16 मीटर), पूर्व विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता कीनिया के जूलियस येगो (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 92.72 मीटर) भी टूनार्मेंट में चुनौती पेश करेंगे। ट्रैक एवं फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय चोपड़ा की नजरें इस साल 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने पर टिकी हैं। चोपड़ा ने कहा, मैं 90 मीटर की दूरी के करीब पहुंच रहा हूं इसलिए इसे हासिल करना मेरे लिए काफी मायने रखता है। उन्होंने कहा, पिछला साल मेरे लिए अच्छा था जहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वांडा डाइमंड लीग जीती। यह साल नए मौके लेकर आएगा। इन गर्मियों में मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के साथ एशियाई खेल हैं और वांडा डाइमंड लीग खिताब का बचाव भी करना है। टोक्यो ओलंपिक में 2021 में इतिहास रचने के बाद चोपड़ा ने अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता जहां पीटर्स ने स्वर्ण जीता। वह हालांकि चोट के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की रक्षा करने नहीं उतरे जो उन्होंने 2018 प्रतियोगिता में जीता था। चोपड़ा ने हालांकि चोट से उबरने के बाद स्विट्जरलैंड में डाइमंड लीग फाइनल जीता। डायमंड लीग 2023 सत्र की शुरूआत पांच मई को दोहा के कतर स्पोर्ट्स क्लब में होगी और इसका समापन अमेरिका के यूजीन (16-17 सितंबर) में दो दिन चलने वाले फाइनल के साथ होगा।

## जियो-सिनेमा पर 2.2 करोड़ दर्शकों ने देखे एम एस धोनी के छक्के, बना रिकॉर्ड



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार रात बल्लेबाजी के लिये उतरे तब जियो-सिनेमा पर दर्शकों की संख्या 2.2 करोड़ को पार कर गई, जो अब तक एक बार में दर्ज की गई दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड है। एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर खेले गये रोमांचक मुकाबले में राजस्थान ने चेन्नई को तीन रन से मात दी। चेन्नई को तीन ओवर में 54 रन की जरूरत थी लेकिन धोनी के क्रीज पर होने के कारण दर्शक अंतिम गेंद तक सांस थामे मैच के उतार चढ़ाव को देखते रहे। धोनी ने पुराने दिनों की झलक एक बार फिर दिखाते हुए 17 गेंद पर 32 रन बनाये। उन्होंने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर मैच को रोमांचक बनाया, हालांकि चेन्नई को जब आखिरी गेंद पर पांच रन की जरूरत थी तब राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने केवल एक रन दिया और चेन्नई तीन रन से हार गई। दर्शकों की संख्या के मामले में आईपीएल 2023 के डिजिटल स्ट्रीमिंग साझेदार जियो-सिनेमा ने पिछले सप्ताहांत पर शानदार शुरूआत की थी। पहले सप्ताहांत पर दर्शकों की संख्या ने पिछले पूरे सीजन के दौरान दर्शकों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। जियो-सिनेमा पर वीडियो रिकॉर्ड 147 करोड़ से अधिक बार देखे गये। जियो-सिनेमा पर प्रति मैच बिताया गया समय भी 60 फीसदी बढ़ गया है।

# देश में कोरोना के 10,158 नए केस आए सामने, बीते आठ महीने में सर्वाधिक

## देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 44,998 पर पहुंच गई



**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 10,158 नए मामले सामने आए, जो बीते लगभग आठ महीने में देश में दर्ज सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 44,998 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 4.42 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.02 प्रतिशत है। देश में अभी 44,998 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.10 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.71 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,035 हो गई है। अभी तक कुल 4,42,10,127 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220,66,24,653 खुराक लगाई जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

***दिल्ली एम्स में सभी कर्मचारियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य***

नई दिल्ली। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर सभी कर्मचारियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। एम्स ने गुरुवार को यहां जारी परामर्श में कहा कि सभी कर्मचारियों को एकल प्रयोग या दोबारा प्रयोग किए जाने वाला मास्क पहनना चाहिए।

इसके अलावा कर्मचारियों को अपने कार्य स्थलों पर उचित साफ सफाई रखनी चाहिए तथा नियमित रूप से उस स्थल को संक्रमण रहित करना चाहिए। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर कोविड संक्रमण तेजी से फैल रहा है। हालांकि संक्रमण बहुत तेज नहीं है। अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं है। जानकारों का कहना है कि अगले दो-तीन सप्ताह में कोविड संक्रमण में उतार आना शुरू होगा। विशेषज्ञों के अनुसार कोविड संक्रमण निम्न और मध्यम स्तर का है लेकिन बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को सतर्कता बरतनी आवश्यक है। ***एजेंसी***

### नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी ने लालू प्रसाद की बेटी चंदा यादव से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे में कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी चंदा यादव का बृहस्पतिवार को बयान दर्ज किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंदा यादव एजेंसी के समक्ष पेश हुईं और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया। लालू प्रसाद के नौ बच्चों में से अभी तक चार बच्चों के ईडी बयान दर्ज कर चुकी है। ईडी ने बुधवार को उनकी बेटी रागिनी यादव और मीसा भारती से पूछताछ की थी। लालू के बेटे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से भी मध्य दिल्ली में एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ की गई है। एजेंसी ने मार्च में चंदा यादव, उनकी बहनों रागिनी यादव और हेमा यादव और पूर्व राजद विधायक अबू दोजाना के पटना, फुलवारी शरीफ, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), रांची और मुंबई स्थित परिसरों पर छापेमारी भी की है।

## 'जरा हटके जरा बच के' में नजर आएंगी विक्की कौशल और सारा अली खान की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान और अभिनेता विक्की कौशल की जोड़ी फिल्म जरा हटके जरा बच के में नजर आयेगी। विक्की कौशल और सारा अली खान की आने वाली फिल्म का नाम 'जरा हटके जरा बचके' है। यह एक फैमिली फिल्म है। इसमें विक्की इंदौर के युवा के रोल में हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए हिंदी को इंदौरी टोन में बोलने का लहजा भी सीखा है। सारा का किरदार प्रॉपर इंदौर से नहीं रखा गया है। इस फिल्म को लक्ष्मण उटेकर निर्देशित करेंगे, जो एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। हाल ही में 'जरा हटके जरा बच के' फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें सामने आईं थीं। जिसमें सारा को नीले और लाल रंग की खूबसूरत साड़ी पहने और मंगलसूत्र और चूड़ियां पहने देखा जा सकता है। वहीं, विक्की कैजुअल आउटफिट में बाइक चलाते नजर आए थे। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। सारा और विक्की ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है।

## खास खबर

### बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फिर चली गोली, जवान की मौत

बठिंडा। पंजाब में बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में बुधवार तड़के हुई फायरिंग में चार जवानों की शहादत की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं थी कि शाम करीब 4:30 बजे गोली लगने से एक और जवान की मौत हो गयी। सेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि सिपाही अपने सर्विस हथियार के साथ संतरी ड्यूटी पर था। सिपाही के पास से एक ही हथियार का खोखा और कारतूस का डिब्बा मिला है। गोली का घाव दाहिने टेम्पोरल क्षेत्र के पास था। उन्हें तुरंत सैन्य अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रवक्ता ने बताया कि सिपाही 11 अप्रैल को छुट्टी से लौटा था। मामला कथित तौर पर आत्महत्या के प्रयास का लग रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मिलिट्री स्टेशन पर सुबह 04:30 बजे हुई घटना से कोई संबंध नहीं है।

### ईडी ने बीबीसी इंडिया के खिलाफ केस किया दर्ज, जानें पूरा मामला

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनिमय संबंधी कथित उल्लंघन को लेकर समाचार प्रसारक बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) इंडिया के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने फेमा के प्रावधानों के तहत कंपनी के कुछ कार्यकारी अधिकारियों के बयानों की रिकॉर्डिंग और दस्तावेज मांगे हैं। सूत्रों ने बताया कि कंपनी द्वारा कथित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उल्लंघन की जांच की जा रही है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब आयकर विभाग ने फरवरी में दिल्ली में बीबीसी कार्यालय परिसरों का सर्वे किया था। आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने उस समय कहा था कि मीडिया समूह बीबीसी की भारत में संचालित विभिन्न संस्थाओं की तरफ से दिखाए गए आय एवं लाभ के आंकड़े भारत में उनके परिचालन के अनुरूप नहीं हैं।

## आतंकी साजिश विफल...

### सुरक्षाबलों ने एलओसी के पास मार गिराया ड्रोन, हथियार और नकदी बरामद



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला राजोरी में सुरक्षाबलों ने आतंकी साजिश को विफल किया है। राजोरी में नियंत्रण रेखा के पास बैरीपट्टन इलाके में सुरक्षाबलों ने सीमा पार से आए ड्रोन को मार गिराया है। ड्रोन अपने साथ सीलबंद पैकेट में हथियार और नकदी लेकर पहुंचा था। इससे पहले कि यह खेप तस्करों तक पहुंचती, सुरक्षाबलों ने आतंकी मंसूबों को नाकाम कर दिया।

सेना ने एक बयान में कहा कि 12-13 अप्रैल की रात को राजोरी के बेरी पट्टन इलाके में नियंत्रण रेखा पर हवाई वस्तुओं की एक संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। कार्रवाई के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया है। ड्रोन से पांच लोडेड एके मैगजीन, कुछ कैश और एक सीलबंद पैकेट बरामद किया गया है। सेना ने बताया कि संबंधित इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

***हाल ही में सांबा में ड्रोन से गिराए गए थे हथियार***

इससे पहले चार अप्रैल को सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा से दस किलोमीटर अंदर ड्रोन से गिराए गए हथियारों का जखीरा बरामद किया गया था। इसमें हथियारों को एक पैकेट में रखा गया था। पैकेट में तीन पिस्तौल, चार चीन में बने ग्रेनेड व 48 कारतूस शामिल थे। वहीं, 24 नवंबर 2022 को पाकिस्तानी ड्रोन ने छन्नी मन्हासा इलाके में इसी तरह एक पार्सल गिराया था, जिसमें दो पिस्तौल, पांच लाख की नकदी (भारतीय मुद्रा) और आईईडी बरामद हुई थी। पाकिस्तान में बैठे आतंकी अब ड्रोन के जरिये प्रदेश में हथियारों, नकदी और नशे की खेप भेजने के प्रयास में रहते हैं, जिसे समय-समय पर सुरक्षाबलों द्वारा विफल किया जा रहा है।

### सूट-बूट की सरकार का एकमात्र लक्ष्य मित्रों की तिजोरी भरना है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सूट-बूट की सरकार का एकमात्र लक्ष्य मित्रों की तिजोरी भरना है।

उन्होंने एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह ट्वीट किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016-21 के दौरान गरीबों की आमदनी घटती चली गई और अमीरों की आमदनी बढ़ गई। राहुल गांधी ने कहा, गरीब वर्ग की आमदनी 50 प्रतिशत घटी, मध्यम वर्ग की आमदनी 10 प्रतिशत तक गिरी, अमीर वर्ग की आमदनी 40 प्रतिशत तक बढ़ी। चाहे जनता को महंगाई, बेरोजगारी कितना भी तड़पाए, सूट-बूट सरकार का एक ही लक्ष्य -मित्रों की तिजोरी भरती जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में दावा किया, 2014-15 से 2021-22 के बीच प्रति वर्ष वास्तविक मजदूरी की वृद्धि दर : 0.9 प्रतिशत - खेत मजदूर, 0.2 प्रतिशत - निर्माण श्रमिक, 0.3 प्रतिशत - गैर-कृषि श्रमिक। लेकिन पिछले सिर्फ 5 साल में अडाणी की संपत्ति 1440 प्रतिशत बढ़ी। मित्र का साथ, मित्र का विकास!

## जेल से बचने के लिए शिंदे ने थामा कमल

### रोते हुए शिंदे ने कहा था कि भाजपा में नहीं गए तो जेल भेज दिया जाएगा : आदित्य ठाकरे, शिवसेना ने किया खंडन



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने दावा किया है कि पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने से पहले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनके आवास पर आए थे और रोते हुए कहा था कि अगर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल नहीं हुए तो उन्हें कोई केंद्रीय एजेंसी गिरफ्तार कर लेगी। हालांकि, शिंदे नीत शिवसेना के विधायक संतोष बांगड़ ने आदित्य ठाकरे के दावे का खंडन करते हुए कहा कि भाजपा की ओर से कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कहा कि ठाकरे परिवार के खिलाफ विद्रोह का कारण पार्टी का राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन था।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने भी कहा कि शिंदे के खिलाफ लगाए गए आरोप गलत हैं और शिंदे एक मजबूत व्यक्ति हैं और वह कभी नहीं रोएंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे ने बुधवार को विशाखापत्तनम में एक विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि 40 विधायकों ने अपनी सीट और ऱ्पैसोंऱ के लिए शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह किया था।

उन्होंने दावा किया, मौजूदा मुख्यमंत्री (शिंदे) हमारे घर आए और रोने लगे क्योंकि एक केंद्रीय एजेंसी उन्हें गिरफ्तार करने वाली थी, और उन्होंने कहा था, ह्यमुझे भाजपा में शामिल होना होगा अन्यथा वे मुझे गिरफ्तार कर लेंगे' ।ऱ कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन का बचाव करते हुए पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा, ऱमेरे दादा (बाल ठाकरे) का पहले भी कांग्रेस के साथ गठजोड़ था। उनके गांधी परिवार के साथ पहले भी अच्छे संबंध थे। उन्होंने प्रणव मुखर्जी और प्रतिभा पाटिल (दोनों पूर्व राष्ट्रपतियों) का खुलकर समर्थन किया था, वहीं भाजपा (राष्ट्रपति चुनाव के दौरान) एक अन्य उम्मीदवार खड़ा कर रही थी।

ठाकरे ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ गठबंधन किया, जिसने आतंकवादियों का समर्थन किया था।ऱ शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि आदित्य ठाकरे के दावे सही हैं। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि शिंदे मुंबई के भांडुप इलाके में उनके घर भी आए थे और इसी तरह की बात की थी और वह जेल नहीं जाना चाहते हैं।

राउत ने कहा कि उन्होंने शिंदे से कहा था कि भयभीत नहीं हों और उन्हें अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना के कई विधायक थे जिनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही थीं। राउत ने दावा किया, राकांपा के खिलाफ भी ऐसा ही हो रहा है। हालांकि, शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ ने आदित्य ठाकरे के दावों को खारिज करते हुए कहा कि ठाकरे परिवार के खिलाफ विद्रोह के पीछे मूल कारण उनका राकांपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन था। उन्होंने कहा, इस विद्रोह में सभी विधायकों ने एकनाथ शिंदे का समर्थन किया। भाजपा की ओर से (केंद्रीय एजेंसियों का) कोई खतरा नहीं था।

## बीजेपी चली आप की राह

### दिल्ली के बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम किया शुरू



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को बुजुर्गों और महिलाओं के लिए एक मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम की शुरूआत की तथा पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने मथुरा-वृंदावन के लिए चार बसों को हरी झंडी दिखा कर यहां से रवाना किया। भाजपा का मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना की तर्ज पर है, जिसके तहत बुजुर्ग नागरिकों को देश भर की मुफ्त तीर्थयात्रा कराई जाती है। यहां कोंडली से चार बसों को मथुरा, वृंदावन और गोवर्द्धन के लिए बृहस्पतिवार को रवाना किया गया, जिनमें करीब 200 बुजुर्ग नागरिक एवं महिलाएं सवार हैं। सचदेवा ने कहा कि भारत की आत्मा तीर्थस्थलों में बसी हुई है और जब तक हमारा धर्म एवं संस्कृति बरकरार है तब तक हमारा अस्तित्व है। भाजपा की दिल्ली इकाई के कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने कहा, आने वाले दिनों में, हम वाराणसी और अयोध्या के लिए बसों को रवाना करेंगे। भाजपा ने गैर लाभकारी समूह आओ साथ चलें के सहयोग से इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। मित्तल ने बताया कि तीर्थयात्रा कार्यक्रम पूरी तरह से निःशुल्क है। भोजन और ठहरने के सभी इंतजाम गैर लाभकारी समूह के जरिये सुनिश्चित किये जाएंगे।

## अब लू के थपेड़े झेलने के लिए रहें तैयार

### बिहार और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में हीट वेव की चेतावनी, देश में मानसून के सामान्य रहने की भविष्यवाणी की



**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज अब बदलने वाला है। आने वाले दिनों में लोग लू के थपेड़े झेलने के लिए तैयार रहें। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और बिहार में लू चल सकती है। वहीं, इस अवधि के दौरान मध्य, पूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है।

***इन इलाकों में लू चलने की संभावना***

मौसम विभाग की मानें तो गंगीय पश्चिम बंगाल में 17 अप्रैल, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 15 अप्रैल और बिहार में 15 से 17 अप्रैल तक लू की स्थिति रह सकती है। इसके अलावा मध्य और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत में अधिकतम तापमान फिलहाल 40 डिग्री से 42 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और केरल में अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक है।

***कब घोषित होती है हीट वेव या लू?***

यदि किसी मैदानी इलाके में अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री तक पहुंचता है तो हीट वेव घोषित किया जाता है। वहीं, पहाड़ों में 30 डिग्री और तटीय इलाकों में 37 डिग्री पारा पहुंचने पर लू चलने लगती है। लू का स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ता है। अगर किसी इलाके में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो इसे खतरनाक लू की श्रेणी में रखा जाता है।

***1901 के बाद फरवरी सबसे गर्म***

मौसम विभाग ने बताया कि साल 2023 में फरवरी का महीना 1901 के बाद सबसे गर्म महीना था। हालांकि, मार्च के महीने में हुई बारिश से तापमान नियंत्रण में आया। पिछले साल 2022 में मार्च का महीना 121 सालों में सबसे गर्म और सूखा था। इसी साल अप्रैल का महीना 1901 के बाद से तीसरा सबसे गर्म महीना साबित हुआ।

***सामान्य रहेगा मानसून***

इससे पहले, मौसम विभाग ने देश में मानसून के सामान्य रहने की भविष्यवाणी की है। विभाग ने इस साल औसत 96 फीसदी बारिश की भी संभावना जताई है। विभाग ने बताया कि मानसून पर अल नीनो का असर पड़ता है, लेकिन यह कहना कठिन होगा कि इसके कारण बारिश कम होगी।

## हर फैसला मानेंगे सिद्धू

### सिद्धू बोले- मुझे पद की लालसा नहीं, राजा वड़िंग को बताया संस्था का प्रधान, कहा- हर फैसला मानना कर्तव्य



**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग की मौजूदगी में नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है। वह कांग्रेस पार्टी के लिए काम करेंगे और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है, जिसने देश को आजाद करवाया था। उन्होंने राजा वड़िंग के बारे में कहा कि संस्था का प्रधान सर्वोपरि होता है। उसका हर फैसला मानना हमारा कर्त्तव्य है।

पार्टी जहां भी उनकी ड्यूटी लगा देगी, वह पूरी शिद्दत के साथ उसे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस को एकजुट और मजबूत करने के लिए पुराने कार्यकताओं के घरों में भी जाएंगे और झुककर उन्हें मनाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के पुराने लोगों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। पुराने पार्टी के कार्यकताओं को मनाएंगे भी और उन्हें घर नहीं बैठने देंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि पार्टी किसी एक व्यक्ति से नहीं बल्कि सबके योगदान सहयोग से है। वह सब इकट्ठे होकर पार्टी के नाराज चल रहे नेताओं को मनाने जाएंगे। उन्हें मनाकर पार्टी के काम पर लगाएंगे।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव: दागी विरुपक्षप्पा सहित सात बीजेपी विधायकों को नहीं मिला टिकट

### नए चेहरों को मैदान में उतारने की रणनीति, बगावत के सुर तेज



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जारी दूसरी सूची में अपने दागी विधायक मदल विरुपक्षप्पा सहित सात मौजूदा विधायकों का नाम सूची से हटा दिया है। इसे यह नए चेहरों को मैदान में उतारने की रणनीति माना जा रहा है। बुधवार देर रात 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की गई। भाजपा ने 11 अप्रैल को घोषित अपनी पहली सूची में 189 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है जिनमें 52 नए चेहरे हैं। पार्टी ने विरुपक्षप्पा, जिन्हें रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया था उन्हे चन्नागिरि विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं दिया। अन्य मौजूदा विधायक जिन्हें टिकट से वंचित रखा गया है उनमें सर्वश्री नेहरू ओलेकर (हावेरी), एन लिंगाना (मायाकोंडा), और सुकुमार शेट्टी (बिंदूर एसी), एमपी कुमारस्वामी (मुदिगेरे एसी), सीएम निंबनवर (कालाघाटगी एसी), एसए रवींद्रनाथ (दावणगेरे नॉर्थ एसी) शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पार्टी ने वी सोमन्ना के बेटे अरुण और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के राजनीतिक सचिव संतोष को क्रमशः गुब्बी और असीकेरे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया है। भाजपा ने अभी तक हुबली-धारवाड़ सेंट्रल और शिवमोग्गा के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, जिनका प्रतिनिधित्व क्रमश पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार और पूर्व उप मुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा करते हैं। शेट्टार ने नयी दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और बुधवार को अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का दावा किया। हाल ही में भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता नागराज छब्बी को कलघाटगी से टिकट मिला है। गवी सिदप्पा को हावेरी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया गया है, जबकि शिव कुमार को चन्नागिरि सीट से टिकट मिला है। गुरुराज गंटीहोल को बिंदूर सीट से टिकट दिया गया है, जबकि दीपक डोड्डैया को मुदिगेरे के लिए चुना गया है। पार्टी ने दूसरी सूची में दो महिला उम्मीदवारों ललिता अनापुर और अश्विनी सम्पंगी के नामों की भी घोषणा की। जिन्हें क्रमशः गुरमितकल और कोलार गोल्ड फील्ड से मैदान में उतारा गया है। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 13 अप्रैल से शुरू होकर 20 अप्रैल तक चलेगी। पहली सूची में कम से कम नौ विधायकों का टिकट काट दिया गया था। इस घोषणा से सावदी सहित कुछ वरिष्ठ नेताओं में खलबली मच गई जिन्होंने इसको लेकर पहले भी अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। पार्टी ने पहली सूची में अन्य पिछड़े समुदाय के 32, अनुसूचित जाति के 30 और अनुसूचित जनजाति के 16 उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय से शेखावत को अंतरिम राहत गिरफ्तारी पर रोक

**राजस्थान।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी मामले में अंतरिम राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। हालांकि इसे 900 करोड़ रुपये से ज्यादा के कथित घोटाले की प्राथमिकी में मंत्री का नाम आरोपी के रूप में दर्ज नहीं है, इसके बावजूद उन्होंने राहत का अनुरोध करते हुए विशेष याचिका दायर की थी। इस मामले की जांच राजस्थान विशेष अभियान समूह यानी एसओजी कर रहा है।

न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की, और गिरफ्तारी से उन्हें राहत दे दी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद रखी है। शेखावत ने मामले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने और जांच सीबीआई को सौंपने की मांग को लेकर 24 मार्च को याचिका दायर की थी।




छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे पर पहुंचीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने गोंडी बोली में अभिवादन के साथ अपनी बात की शुरूआत की। कहा कि, उनके परिवार का बस्तर से विशेष लगाव रहा है। वह यहां पर पहली बार आई हैं, लेकिन बचपन से बस्तर के बारे में, यहां के लोगों के संघर्ष के बारे में सुनती आई हैं। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने कहा कि, भाजपा की 15 साल की सरकार ने बस्तर के लोगों को निर्भर बनाया, आत्मनिर्भर नहीं बनाया। कांग्रेस महासचिव गुरुवार को 'भरोसे के सम्मेलन' में बोल रही थीं।

जनसंदेश टाइम्स
मनी मैटर्स
प्रयागराज, शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023



38.23 अंक यानी 0.06 फीसदी मजबूत होकर 60,431.00 अंक पर



सोना 297 रुपये गिरकर 60,214 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



# बाजार में लगातार 9वें दिन तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद

## बैंक, वित्तीय और रियल्टी शेयरों में लिवाली के कारण लगातार 9वें दिन शेयर बाजार में तेजी रही



**मुंबई।** खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी के बीच बैंक, वित्तीय और रियल्टी शेयरों में लिवाली के कारण लगातार 9वें दिन शेयर बाजार में तेजी रही। आज यानी गुरुवार के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 38 अंक मजबूत हुआ, वहीं निफ्टी 16 अंकों की बढ़त के साथ 17,800 के ऊपर बना रहा। आईटी शेयरों में कमजोर रुख और मंदी की ताजा चिंताओं के चलते अमेरिकी शेयर बाजारों में बुधवार को हुई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त सीमित रही। इरए का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 38.23 अंक यानी 0.06 फीसदी मजबूत होकर 60,431.00 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 60,486.91 तक गया और नीचे में 60,081.43 तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 15.60 अंक यानी 0.09 फीसदी चढ़ा। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,828.00 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ऊंचे में 17,842.15 तक गया और नीचे में 17,729.65 तक आया। कुल नौ कारोबारी सत्रों में, बीएसई सेंसेक्स 2,817.28 अंक यानी 4.88 फीसदी तक उछल गया। खाने का सामान सस्ता होने से देश में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 फीसदी पर आ गई। वहीं औद्योगिक उत्पाद फरवरी में 5.6 फीसदी बढ़ा। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक और बजाज फिनसर्व सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे अधिक लाभ इंडसइंड बैंक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.73 फीसदी तक चढ़े।

वहीं दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 12 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और एनटीपीसी सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे अधिक नुकसान इंफोसिस के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.79 फीसदी तक गिर गए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 फीसदी गिरकर 86.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने गुरुवार को 221.85 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## इंफोसिस का शुद्ध लाभ 7.8 फीसदी बढ़ा, रेवेन्यू में 4 से 7 फीसदी वृद्धि का अनुमान



**नई दिल्ली।** देश की टॉप क्ळ कंपनी में शुमार इंफोसिस ने अपना चौथी तिमाही के परिणाम की घोषणा कर दी है। इंफोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ 2022-23 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी बढ़कर 6,128 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 5,686 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के तिमाही वित्तीय परिणाम अनुमान से नीचे रहा।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी का एकीकृत आय मार्च तिमाही में 16 फीसदी बढ़कर 37,441 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रेवेन्यू में 4 से 7 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया है। अमेरिका में बैंकिंग सेक्टर में उथल-पुथल और वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए रेवेन्यू में बहुत ही सीमित वृद्धि का अनुमान जताया है। इसी अवधि में कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन 20 से 22 फीसदी हो सकता है।

इंफोसिस ने चौथी तिमाही में 2.1 अरब डॉलर के बड़े सौदे हासिल किए, जो पिछले साल की समान अवधि के 2.3 अरब डॉलर से कम है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ नौ फीसदी बढ़कर 24,095 करोड़ रुपये रहा। वहीं राजस्व 20.7 फीसदी बढ़कर 1,46,767 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने बयान में कहा कि हमें अपने ग्राहकों की तरफ से दक्षता और लागत में सुधार तथा एकीकरण को लेकर मजबूत रुझान देखने को मिल रहा है। लिहाजा कई सौदे पाइपलाइन में हैं।

## वीवो ने भारत में पेश की टी2 5जी सीरीज

**नई दिल्ली।** वीवो ने अपनी नई टी2 5जी सीरीज के लॉन्च के साथ भारत में अपने सीरीज टी पोर्टफोलियो का विस्तार किया। पूरी तरह से नई टी2 5जी सीरीज दो स्टाइलिश और शक्तिशाली स्मार्टफोन, टी2 5जी और टी2 एक्स 5जी लेकर आई है, जिन्हें युवा मिलेनियल्स और जेन जेड यूजर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। वीवो इंडिया के ऑनलाइन बिजनेस के डायरेक्टर पंकज गांधी ने कहा, हम टी2 5जी सीरीज के लॉन्च के साथ भारत में अपने सीरीज टी पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। टी2 5जी सीरीज के साथ, हम कस्टमर को ऐसे स्मार्टफोन उपलब्ध कराना चाहते हैं जो बेहतर प्रदर्शन और शानदार यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं। टी2 5जी और टी2 एक्स 5जी दोनों ही हमारे कंज्यूमर की मल्टीटास्किंग जरूरतों को पूरा करने के लिए सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी से लैस हैं। यह एक ऐसा पैकेज है जिसके बारे में हमें विश्वास है कि हमारे युवा मिलेनियल्स और जेन जेड यूजर्स द्वारा पसंद किया जाएगा, क्योंकि दोनों स्मार्टफोन हर पहलू में एक टर्बो एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं।

## यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 2022-23 में 26.73 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 38.9 लाख इकाई पर: सियाम



**नई दिल्ली।** देश के यात्री वाहनों की बीते वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू थोक बिक्री 26.73 प्रतिशत बढ़कर 38.9 लाख इकाई से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़कर 38,90,114 इकाई रही, जबकि 2021-22 में यह 30,69,523 इकाई थी। यात्री वाहनों की पिछली सबसे अधिक थोक बिक्री वित्त वर्ष 2018-19 में 33,77,436 इकाई थी। आलोच्य अवधि के उपयोगी (यूटिलिटी) वाहनों की अच्छी बिक्री से यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि को मदद मिली है।

इस दौरान यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 34.55 प्रतिशत बढ़कर 20,03,718 इकाई रही। वित्त वर्ष 2021-22 में 14,89,219 वाहन बिके थे। इस श्रेणी में यात्री वाहन का हिस्सा 51.5 प्रतिशत है। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि कोविड महामारी के बाद वित्त वर्ष 2022-23 बिक्री के लिहाज से अच्छा वर्ष रहा है। हालांकि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान फिर से शुरू हो गया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हालांकि, आपूर्ति श्रृंखलाओं के कुशल प्रबंधन और उत्पादों की बेहतर उपलब्धता के साथ, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर नरमी आई है, बहरहाल यह एक चिंता का विषय बना हुआ है। अग्रवाल ने कहा कि जहां यात्री वाहन खंड ने नयी रिकॉर्ड घरेलू बिक्री दर्ज की, वहीं वाणिज्यिक वाहनों ने दूसरी सबसे बड़ी घरेलू बिक्री दर्ज की। यह वित्त वर्ष 2018-19 के अपने रिकॉर्ड उत्पादन स्तर के करीब हैं। इस दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 7,16,566 इकाई से बढ़कर 9,62,468 इकाई हो गई। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि वाणिज्यिक, दोपहिया और तिपहिया वाहन खंड अभी महामारी से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच सके हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 1,58,62,087 इकाई रही, जबकि 2021-22 में यह 1,35,70,008 इकाई थी। वित्त वर्ष 2022-23 में विभिन्न श्रेणियों में वाहनों की कुल बिक्री 20.36 प्रतिशत बढ़कर 2,12,04,162 इकाई पर पहुंच गई, जो 2021-22 में 1,76,17,606 इकाई थी। आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 4.47 प्रतिशत बढ़कर 2,92,030 इकाई हो गई। पिछले साल मार्च महीने में यह 2,79,525 इकाई थी। सियाम ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 12,90,553 इकाई रही, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 11,98,825 इकाई थी।

## रुपया 18 पैसे की तेजी के साथ 81.93 प्रति डॉलर

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के रुख के बीच गुरुवार को शुरूआती कारोबार में रुपया 18 पैसे की बढ़त के साथ 81.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि विदेशी कोषों के प्रवाह से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 81.99 प्रति डॉलर पर खुलने के बाद 81.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में 18 पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया 82.11 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह विदेशी मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा की स्थिति का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.55 पर पहुंच गया। ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.22 प्रतिशत के नुकसान से 87.14 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## नई आवासीय परियोजना पर 1,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी हीरानंदानी



**मुंबई।** जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी हीरानंदानी कम्युनिटीज बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मुंबई में एक नई आवास परियोजना विकसित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी। कंपनी ने गुरुवार को बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने मुंबई के पनवेल में अपनी मिश्रित उपयोग वाली एकीकृत टाउनशिप हीरानंदानी फॉर्च्यून सिटी में एक नई आवास परियोजना गोल्डन विलो शुरू की है। कंपनी की इस परियोजना में 10 लाख वर्ग फुट आवास स्थल विकसित करने की योजना है। इसमें लगभग 700 इकाइयां शामिल हैं। प्रत्येक आवास 490 वर्ग फुट से 1,150 वर्ग फुट के क्षेत्र के बीच होगा। बयान में कहा गया है, ह्यकंपनी पनवेल के रियल एस्टेट बाजार में बढ़ती मध्य और लक्जरी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। हीरानंदानी कम्युनिटीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक निरंजन हीरानंदानी ने कहा, कंपनी इस नए आवासीय क्षेत्र को ऐसे समय में शुरू कर रही है जब बाजार का विस्तार हो रहा है। कंपनी को कोविड महामारी के बाद ब्रांडेड लक्जरी घरों की मजबूत मांग को पूरा करने की उम्मीद है।

## देश का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में छह प्रतिशत बढ़कर 447 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2022-23 में छह प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 447 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से पेट्रोलियम, औषधि, रसायन तथा समुद्री उत्पादों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से निर्यात अच्छा रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में निर्यात 422 अरब डॉलर था। देश का आयात भी आलोच्य वित्त वर्ष 16.5 प्रतिशत बढ़कर 714 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 2021-22 में 613 अरब डॉलर था। गोयल ने कहा कि वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात नई ऊंचाई पर पहुंचा है और 2022-23 में 14 प्रतिशत बढ़कर 770 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले 676 अरब डॉलर था। मंत्री ने रोम में संवाददाताओं से कहा, ...भारत के निर्यात का प्रदर्शन शानदार रहा है। देश से कुल निर्यात 2022-23 में 770 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंच गया है।

## वेदांता एनसीडी के जरिए 2,100 करोड़ रुपए जुटाएगी



**मुंबई।** प्रमुख खनन कंपनी वेदांता ने घोषणा की कि उसके निदेशकों की समिति ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर ऋण वित्तीय साधन (गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर) जारी करके 2,100 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दे दी है।

निजी प्लेसमेंट के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए मेगा-कैप कंपनी की निदेशक समिति ने 13 अप्रैल, 2023 को एक बोर्ड बैठक आयोजित की।

गुरुवार को हुई इस बैठक में बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर एक या एक से अधिक किश्तों में 10,00,000 रुपये अंकित मूल्य के कुल 21,000 से अधिक एनसीडी नहीं बढ़ाने पर विचार किया और मंजूरी दी, जिससे कुल इश्यू का आकार 2,100 करोड़ रुपये हो गया। बांड जारी करने के इस प्रस्ताव पर विचार करने के निर्णय को वेदांता के निदेशक मंडल ने पिछले महीने हुई अपनी बैठक में हरी झंडी दे दी थी।

पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में, खनन दिग्गज ने 101.5 रुपये प्रति शेयर का कुल अंतरिम लाभांश घोषित किया, जो कि रिकॉर्ड 37,700 करोड़ रुपये का लाभांश है।

गुरुवार को 275.95 रुपये प्रति शेयर के मौजूदा बाजार मूल्य पर, वेंडाटा की लाभांश उपज 36.8% की जबरदस्त है।

## इंडियनऑयल, अडाणी-टोटल, शेल ने रिलायंस केजी-डी6 से गैस ली, आईओसी शीर्ष बोलीदाता



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), अडाणी-टोटल गैस लिमिटेड और शेल सहित 29 कंपनियों ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और बीपी के केजी-डी6 ब्लॉक के सबसे गहरे क्षेत्र से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए सफल बोली लगाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने कहा कि आईओसी ने बुधवार को हुई ई-नीलामी में बेची गई 60 लाख मानक घन मीटर प्रतिदिन (यूनिट) गैस में से लगभग आधी गैस को खरीदा। इसके अलावा गेल ने सात लाख यूनिट, अडानी-टोटल गैस लिमिटेड चार लाख यूनिट, शेल ने पांच लाख यूनिट, जीएसपीसी ने 2.5 लाख यूनिट और आईजीएस ने पांच लाख यूनिट गैस खरीदी। रिलायंस-बीपी ने बुधवार को अपने पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक में एमजे क्षेत्र से गैस की बिक्री के लिए ई-नीलामी की। सीएनजी बेचने वाली सिटी गैस कंपनियों को आपूर्ति के लिए प्राथमिकता देने के सरकार के नए विपणन नियमों के तहत यह नीलामी की गई। सूत्रों ने बताया कि बोली में सिटी गैस, उर्वरक, ऑयल रिफाइनरी, ग्लास, सिरैमिक्स और ट्रेडर्स सहित विभिन्न क्षेत्रों की 41 कंपनियों ने भाग लिया। गैस के मूल्य को वैश्विक एलएनजी बाजार- जेकेएम (जापान कोरिया मार्कर) से जोड़ा गया था, लेकिन यह सरकार द्वारा अधिसूचित उच्चतम मूल्य सीमा के अधीन होगा। बोलीदाताओं को गैस की कीमत 'जेकेएम + वी' सूत्र के रूप में बताने के लिए कहा गया था। इसमें वी वैरिएबल है। उन्होंने कहा कि अंतिम बोली मूल्य (जेकेएम + 0.75 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट) रहा। इस तरह जेकेएम पर 0.75 डॉलर का प्रीमियम देना होगा। मई के लिए जेकेएम की कीमत लगभग 12.6 डॉलर प्रति यूनिट और इस तरह एमजे गैस की कीमत 13.35 डॉलर प्रति यूनिट होगी। सूत्रों ने कहा कि 29 बोलीदाताओं ने पांच साल के लिए गैस की आपूर्ति हासिल की। सफल बोलीदाताओं में भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी आईओसी शामिल है, जिसने अपनी रिफाइनरियों के लिए 14 लाख यूनिट गैस खरीदी। इसके अलावा कंपनी ने 15 लाख यूनिट गैस यूरिया क्षेत्र के लिए ली।

## इसुजु.मोटर्स इंडिया ने अपने वाहनों को बीएस6 फेज 2 नियमों से किया अपडेट, नई श्रृंखला पेश की



**चेन्नई।** इसुजु मोटर्स इंडिया ने पिकअप वाहनों और एसयूवी की अपनी संपूर्ण श्रृंखला को अपडेट करके उन्हें बीएस6 फेज2 उत्सर्जन नियमों के अनुरूप बनाया है। कंपनी ने अपने वाहनों के चुनिंदा मॉडलों में नई विशेषताओं का समावेश किया है, ताकि उनमें बेहतर स्टाईलिंग, सुरक्षा, आराम, एफिशियंसी, और उत्सर्जन पर नियंत्रण मिल सके। इसुजु डी-मैक्स वी-क्रॉस जैड 4ग2 ☞ वैरिएंट का स्टाईल बेहतर हुआ है। इस वाहन में पर्सनल वाहन श्रृंखला के कलर पैलेट में एक नया व आकर्षक कलर वैलेंसिया ऑरेंज पेश किया गया है। इसुजु डी-मैक्स रैगुलर कैब और एस-कैब के मॉडलों में आफ्टर ट्रीटमेंट डिवाईसेज, जैसे एलएनटी (लीन नॉक्स ट्रैप), डीपीडी (डीजल पार्टिकुलेट डिफ्यूजर) के साथ अब ए-एससीआर (एक्टिव सलेक्टिव कैटालिस्ट रिडक्शन) को शामिल कर दिया गया है, ताकि वाहन से निकलने वाली गैसों और सूक्ष्म कणों को बेहतर नियंत्रित किया जा सके। इसुजु डी-मैक्स रैगुलर कैब और एस-कैब इस सेगमेंट के एकमात्र वाहन हैं, जिनमें प्रभावशाली ट्रीटमेंट मैनेजमेंट के लिए इलेक्ट्रॉनिकलि कंट्रोल्ड हॉट एवं कोल्ड ईजीआर (एग्जॉस्ट गैस रिसकुर्लेशन) है। इन दोनों मॉडलों और उनके वैरिएंट्स में सिल्वर इंसर्ट्स के साथ एडवांस्ड एमआईडी (मल्टी-इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले) क्लस्टर है, जो डीपीडी (डीजल पार्टिकुलेट डिफ्यूजर) इंडीकेटर प्रदर्शित करता है। इसमें सब-मेन्यू लेवल ऑटोमेटिक रिजनरेशन दिखाता है, या ड्राईवर को मैन्युअल रिजनरेशन ऑपरेशन के लिए सतर्क करता है। एक नया सब मेन्यू डीईएफ (डीजल एग्जॉस्ट फ्लुड) के लिए रेंज लेवल का संकेत प्रदर्शित करता है, और टैंक खाली होने तक फ्यूल की रेंज एवं तत्कालिक/औसत माईलेज दिखाता है। इसमें जीएसआई (गियर शिफ्ट इंडीकेटर) भी है, जो ड्राईवर को किसी भी ड्राईविंग परिस्थिति में सर्वश्रेष्ठ गियर का उपयोग करने में समर्थ बनाता है, ताकि वाहन से सर्वश्रेष्ठ टॉर्क, फ्यूल मैनेजमेंट और ड्राईवट्रेन ड्यूरेबिलिटी मिल सके। ज्यादा सुरक्षा के लिए इसुजु डी-मैक्स और एस-कैब मॉडलों में बारिश में ज्यादा विजिबिलिटी के लिए ह्यवैरिएबल स्पीड इंटरमिटेंट विंडशील्ड वाईपर दिया गया है। इसकी कमर्शियल वाहन श्रृंखला को ज्यादा विस्तृत बनाया गया है, और इसमें इसुजु डी-मैक्स सुपर स्ट्राँग सिंगल कैब फ्लैट डेक और कैब-चेसिस मॉडलों के एसी वैरिएंट पेश किए गए हैं। अपने मजबूत डिजाईन और अतुलनीय क्वालिटी के साथ इसुजु.डी-मैक्स और डी-मैक्स एस-कैब उन खरीददारों के लिए उत्तम हैं। ***एजेंसी***

### संक्षेप

## एयर इंडिया दिल्ली और बेंगलुरु हवाईअड्डों पर ए320 बेड़े के लिए लगाएगी टैक्सीबोट

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी एयर इंडिया अपने ए320 विमान बेड़े के लिए दिल्ली और बेंगलुरु हवाईअड्डों पर टैक्सीबोट का संचालन शुरू करेगी। माना जा रहा है कि इससे तीन साल में 15,000 टन तक विमान ईंधन बचाया जा सकता है। बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, विमानन कंपनी ने टैक्सीबोट का संचालन शुरू करने के लिए केएसयू एविएशन के साथ समझौता किया है। टैक्सीबोट एक तरह से रोबोटिक उपकरण है जो विमान के अगले हिस्से को लैंड करने में काम करता है। यह विमान के लैंड होने के बाद उसे एयरपोर्ट टर्मिनल दरवाजे से टैक्सी मिलने वाले स्थान तक खींचकर ले जाने का काम करता है। इस दौरान विमान का इंजन बंद होता है, जिससे ईंधन की बचत होती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, टैक्सीबोट अपनाने से तीन साल में लगभग 15,000 टन विमान ईंधन बचाया जा सकता है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि विमानन कंपनी परिचालन को पर्यावरण अनुकूल बनाने तथा अपने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के तरीकों की लगातार तलाश कर रही है।

## माइक्रोफाइनेंस: ग्रामीण के लिए सशक्तिकरण के युग की शुरूआत

**वाराणसी।** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोफाइनेंस का आगमन एक आवश्यक उपकरण साबित हुआ है, खासकर उन लोगों के बीच जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं जैसे कि महिलाएं और कम आय वाले व्यक्ति। इसका प्रभाव आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण क्षेत्रों में लोन और अन्य वित्तीय सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करके रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा है।विशेष रूप से लोन के प्रावधान ने लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और उनके जीवन स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आवश्यक संसाधनों तक पहुंच को अनलॉक करके, जो कभी पहुंच से बाहर थे, माइक्रोफाइनेंस ने व्यक्तियों और कम्युनिटी को अपनी क्षमता का उपयोग करने और अपनी क्रिएटिविटी को उजागर करने, प्रगति और समृद्धि को कि दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। माइक्रोफाइनेंस ने जिन जिंदगियों को प्रभावित किया है, उनमें से महिलाएं महत्वपूर्ण संख्या का प्रतिनिधित्व करती हैं। भारत में, माइक्रोफाइनेंस संस्थान महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक आवश्यक अवसर के रूप में उभर रहे हैं।जेंडर इक्वैलिटी को बढ़ावा देने और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी के लिए बाधाओं को कम करने के लिए, माइक्रोफाइनेंस का लक्ष्य कम आय वाले व्यक्तियों को क्रेडिट, सेविंग्स और माइक्रो-इंश्योरेंस जैसी माइक्रोफाइनेंस सर्विस तक समान पहुंच प्रदान करना है। आर्थिक उद्यमों की शुरूआत या विस्तार की सुविधा देकर, माइक्रोफाइनेंस भारतीय महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता का अवसर प्रदान करता है। सभ्य विश्वकर्मा देवी की कहानी और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने की दिशा में उनके संघर्षों में महिलाओं के लिए माइक्रोफाइनेंस की परिवर्तनकारी शक्ति का एक सम्मोहक चित्रण स्पष्ट है। 32 वर्षीय सभ्या देवी उत्तर प्रदेश के वाराणसी के चोलापुर के गडसरा जिले में अपने परिवार के साथ रहती हैं। अपने पति के लकड़हारे के रूप में काम करने के दौरान हमेशा घर के कामों में हाथ बंटाने के बाद, उसने अपने पति की सहायता करने और अपना खुद का फर्नीचर बनाने का व्यवसाय शुरू करने का सपना देखा। अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए, सभ्या को वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी। हालांकि, उनके गांव में पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं की अनुपस्थिति ने आवश्यक धन जुटाने की उनकी क्षमता को बाधित किया।

## एचडीएफसी बैंक ने एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

**अहमदाबाद।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया के साथ 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन के लिए एक मास्टर इंटर बैंक क्रेडिट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते पर गुजरात में हस्ताक्षर किए गए थे। इससे एचडीएफसी बैंक को विदेशी मुद्रा कोष जुटाने में मदद मिलेगी जिसका विस्तार वह कोरिया से संबंधित व्यवसायों तक करेगा। समझौते से कोरियाई संस्थाओं और उत्पादों के साथ बैंक के व्यवसाय को बढ़ावा देने और बढ़ाने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत पहला ड्रॉडाउन मई तक होगा। अरूप रक्षित, ग्रुप हेड, ट्रेजरी, सेल्स एनालिटिक्स एंड ओवरसीज बिजनेस, एचडीएफसी बैंक ने कहा ₹कोरियाई एक्जिमबैंक के साथ हमारा समझौता भारत और कोरिया के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को और मजबूत करेगा और समर्थन करेगा जो संभावित रूप से देश में अधिक नौकरियां पैदा कर सकता है। हम इस समझौते के तहत सौदों को आगे बढ़ाएंगे और कार्यक्रम का विस्तार करने पर विचार कर सकते हैं।₹ हस्ताक्षर समारोह में एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया की टीम चौन-जे ली, महानिदेशक, इंटरबैंक वित्त विभाग के प्रमुख। ने भाग लिया। एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ कोरिया से सुश्री की-यंग जंग, सीनियर लोन मौजूद थीं अधिकारी, इंटरबैंक वित्त विभाग और श्री किसंग किम, मुख्य प्रतिनिधि, नई दिल्ली प्रतिनिधि कार्यालय, एचडीएफसी बैंक का प्रतिनिधित्व श्री अरूप रक्षित, ग्रुप हेड ने किया ट्रेजरी, सेल्स, एनालिटिक्स और ओवरसीज बिजनेस, कपिल बंसल, कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रेसिडेंट, हेड ओवरसीज बिजनेस ट्रेजरी, आनंद अय्यर, हेड गिफ्ट सिटी आईबीयू उपस्थित थे।

## आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2023 में 102 नई शाखाएं खोलीं

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित, भारत की अग्रणी, डिजिटल रूप से विकसित एनबीएफसी-एमएफआई , आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेडने पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर- पूर्व भारत के वंचित राज्यों में अपना विस्तार करने के लिए वित्तवर्ष 23में अपनी 102नई शाखाएं खोली हैं। मार्च तक इस एनबीएफसी-एमएफआई की 15 राज्यों में लगभग 835 शाखाएंथीं। ये 102 नई शाखाएं पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में खोली गई हैं तथा अतिरिक्त संचालन असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा,तेलंगाना और त्रिपुरा राज्यों में होगा। आरोहण अर्द्धशहरी और ग्रामीण इलाकों में विस्तार के लिए भारी निवेश कर रहा है, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के विशाल अवसर उत्पन्न कर रहा है, साथ ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए कर्ज लेना आसान बना रहा है। इसकी नई बिजनेस लाइन, आरोहण प्रिविलेज डिजिटल लेंडिंग माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए भारत का पहला डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म है। आरोहण प्रिविलेज डिजिटल लेंडिंग के तहत, ग्राहकों को आवेदन स्वीकार होने के 5-10 मिनट में ऋण मिल जाएगा, सुरक्षित तरीके से ऋण के ऑनलाइन पुनर्भुगतान की सुविधा और समय पर पुनर्भुगतान करने पर आकर्षक कैश-बैक आदि जैसे लाभ मिलेंगे। कंपनी ने माईक्रो उद्यमियों के लिए कार्यशील पूंजी पर भी ऋण पेश किए हैं, जिनका टिकट साईज 1 लाख रु. से शुरू होता है। इसका पायलट प्रोजेक्ट पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बेहाला, महेशतला और जोधपुर पार्क में चलाया जा रहा है। श्री मनोज नांबियार, एमडी एवं सीईओ, आरोहण फाईनेंशल सर्विसेज लिमिटेड ने कहा, हमारा प्रयास है कि हमारी वित्तीय सेवाएं का दायरा हर परिवार और हर छोटे व्यवसाय तक पहुँच सके। तीव्र विस्तार करते हुए 2027 तक 20 मिलियन लोगों को सेवाएं देने के हमारे 5 वर्षीय महत्वाकांक्षी लक्ष्य की शुरूआत करते हुए, हम इस साल गुजरात, हरियाणा और महाराष्ट्र में प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं, और साथ ही मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में अपना विस्तार भी कर रहे हैं।

# 31 अनुपस्थित अध्यापकों पर बीएसए ने की कार्रवाई

**स्पष्टीकरण मांगा**

**बीईओ व समन्वयको की टीम का जनपद के परिषदीय विद्यालयों में औचक निरीक्षण**

**अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में नामांकन का निर्देश**

**ज्ञानपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर बीईओ व समन्वयको की टीम ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग की टीम के निरीक्षण में 31 शिक्षाकर्मी अनुपस्थित पाये गये।



बीएसए ने सभी अनुपस्थित अध्यापकों के अनुपस्थित दिवस के वेतन पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। नए शिक्षा सत्र में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बेहतर नए नामांकन पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन शिक्षक ही अनुपस्थित हो जा रहे हैं।

गुरुवार को नौ सहित पिछले 10 दिनों में कुल 31 शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक अनुपस्थित मिले। बीएसए ने सभी का वेतन और मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा। महानिदेशक शिक्षा ने अप्रैल में स्कूल चलो अभियान डोर टू डोर सर्वे कर अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में नामांकन का निर्देश दिया है। प्रशासन से लेकर शिक्षा विभाग के अफसर भी इसे प्रभावी बनाने की कोशिश कर रहे लेकिन कुछ शिक्षकों की मनमानी से विभागीय तैयारी को झटका लगा रहा है। इसी तरह तीन अप्रैल से अब तक कुल 31 शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक स्कूल से अनुपस्थित मिल चुके हैं। बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि अधिकारियों के निरीक्षण आख्या पर सभी पर कार्रवाई की गई। स्कूल में उपस्थित न होने पर सभी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

## एडीएम ने की आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के कुशल निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वीरेंद्र कुमार मौर्य की अध्यक्षता में गुरूवार को आईजीआरएस की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ, ऑनलाइन प्राप्त सन्दर्भ, भारत सरकार पीजी पोर्टल सन्दर्भ, शासन, राजस्व परिषद निदेशालय सन्दर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महिला हेल्प डेस्क, एंटी भू माफिया सहित आदि सन्दर्भों के कुल 32576 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके सापेक्ष 31742 सन्दर्भ विभिन्न विभागों द्वारा निस्तारित किये गये तथा 832 लंबित सन्दर्भ व 02 डिफाल्टर सन्दर्भ के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायत को निर्धारित समय में निस्तारित किये जायें। बैठक में एडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण ससमय किया जाय। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों का निराकरण शीर्ष प्राथमिकताओं के अनुरूप किये जायें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं की जायेगी।

# आरओ, एआरओ सहित मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

**तैयारी**

**विकास भवन सभागार में पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे मास्टर ट्रेनर**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में उपायुक्त मनरेगा राजाराम की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी मास्टर ट्रेनर सहित आरओ, एआरओ को तीसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

उपायुक्त मनरेगा राजाराम ने बताया कि पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए आप सभी आर.ओ., ए.आर.ओ. की हस्तपुस्तिका व जनपद स्तर पर तैयार पी.पी.टी. व हैंड आउट का बारीकी से अध्ययन कर लें। उन्होंने बताया कि आर.ओ. व ए.आर.ओ., मास्टर ट्रेनर की नामांकन दाखिला से लेकर मतगणना तक में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी आपको होनी चाहिए। उन्होने प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया व प्रारुप 13 पर विस्तार से चर्चा की।

डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह ने नामांकन प्रक्रिया से लेकर नाम वापसी तक के सभी बिन्दुओं पर पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने ने बताया कि आर.ओ.ए.आर.ओ. को दी जाने वाली सामग्री की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आज जिन 25 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया है वे सभी पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे।

डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर ने नामांकन से संबंधित आर.ओ. को दिए जाने वाले सभी प्रपत्रों पर विस्तार से चर्चा की। उनके द्वारा नामांकन प्रक्रिया में भरे जाने वाले सभी प्रपत्रों को भरकर उसका डेमो दिया और सभी जिज्ञासाओं का उत्तर भी दिया गया।

## संक्षेप

### सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चुनाव में बेचन सिंह सभापति, कैलाशनाथ सिंह उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित



सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चुने गये पदाधिकारी

**शाहगंज।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति का चुनाव नगर पालिका परिषद के पीछे स्थित कार्यालय पर सकुशल सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी बीडीओ सोधी नन्दलाल की मौजूदगी में गुरुवार दोपहर सम्पन्न हुआ। ग्यारह सदस्यों ने निर्विरोध रुप से बेचन सिंह सभापति एवं उपसभापति पद पर कैलाशनाथ सिंह चुनें गये। इस दौरान उमेश तिवारी, संतोष सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह, चिंता हरण शर्मा, भीम सिंह, हृदय नारायण, प्रमोद चौहान, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता का लिया निर्णय

**ओबरा।** सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच की बैठक चोपन रोड स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता कर रहे सुशील कुशवाहा अशोक कुमार यादव ने कहा कि नगर निकाय का चुनाव होने जा रहा है। किसी भी नगर के विकास के लिए अच्छे लोगों का इस पद पर रहना आवश्यक है। इसके लिए शत- प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। कहा कि मंच कार्यकताओं द्वारा मतदाताओं के बीच में जाकर अधिक से अधिक मतदान करने को प्रेरित करेगा। सदस्यों ने सामाजिक समरसता को बढ़ाते हुए मंच की मजबूती के लिए कार्य करते हुए संगठन को समाज के लिए और उपयोगी बनाने के लिए बल दिया।

# सपा कार्यकर्ता हमेशा चुनौतियों का करते हैं सामना : डॉ. अवधनाथ पाल

**स्वागत**

**अगर मोदी खुद सुन ले अपना भाषण तो नहीं देंगे भाजपा को वोट : तूफानी सरोज**

**नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत**

**जनसंदेश न्यूज**

**जफराबाद/सिरकोनी।** स्थानीय क्षेत्र के विशुनपुर मझवारा गांव में बुधवार की देर रात को सपा के वरिष्ठ नेता रत्नाकर चौबे के आवास पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अवध नाथ पाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा चुनौतियों का सामना करते है। चुनौती से कभी भागते नहीं हमेशा डट कर सामना करते हैं। नगर निकाय चुनाव में समीकरण देख कर प्रत्याशी उतारे जायेगे और हम लोग नगर निकाय चुनाव को जीतेंगे।



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते लोग

केराकत के विधायक तूफानी सरोज ने बात करते समय भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार से जनता त्रस्त है। 2024 के चुनाव में जनता मोदी के खिलाफ है। अगर मोदी 2014 के चुनाव का अपना भाषण खुद सुन लें तो वो खुद भाजपा को अपना वोट नहीं देंगे। जितने भी इन्होंने जनता से वादा किया है एक भी काम नहीं किया जो इनकी डिग्रियों की उपयोगिता को लेकर जो चल रहा है इसमें भाजपा के बड़े नेता को स्पष्ट करना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री की प्रदेश भर में शिक्षा को लेकर जो बवाल मचा है कि डिग्री फर्जी है बड़े नेता को बयान देकर इस पर विराम लगाना चाहिए।

मोदी विदेश में गए और अपने भाषण में कहाकि हमें 600 करोड़ लोगों ने वोट दिया। उनको 60 करोड़ और 600 करोड़ में अंतर नहीं पता। अमित शाह ने अपने भाषण में कहाकि आप लोग 12 पास करके इंटरमीडिएट में जाएंगे तो आप लोगों को लैपटॉप मिलेगा। इनकों नहीं पता कि 12 और इंटरमीडिएट एक ही है। इन लोगों के हाथ में देश की बागडोर है देश का इतना पतन हो गया है। सही होने में 70 साल लगेंगे। इस मौके पर नंदलाल यादव, शिवसंत यादव, अनिल दुबे, घनश्याम यादव, अखिलेश यादव, बड़े लाल यादव, प्रदीप वर्मा, चंद्र प्रकाश चौहान आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रत्नाकर चौबे ने सबका आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अम्बेडकर जयंती पर शिक्षा विभाग का नामांकन महाअभियान

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** संविधान निमार्ता डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा के लिए योगदान और प्रयासों को याद करते हुए बेसिक शिक्षा भदोही ने उनके जन्मदिवस को विशेष रूप से मनाने का निश्चय किया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया गया डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती के सुअवसर पर जनपद भदोही के सभी विकास खण्डों में स्कूल चलो अभियान-2023 के अंतर्गत नामांकन का महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी अध्यापक अपने सेवित क्षेत्रों में अभिभवाकों से संपर्क कर सभी बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में करेंगे। किसी भी संकल्प की सिद्धि तभी सम्भव है जब स्वप्रेरित होकर पूरा जनसमुदाय उसमें अपनी भूमिका निभाये, क्योंकि अकेला चना कभी भाड़ नहीं फोड़ता और इतिहास गवाह है कि क्रांति जब-जब हुई है पूरा जनसमुदाय एक संकल्प से संकल्पित होकर एक साथ खड़ा हुआ है। भदोही के सभी बच्चे विद्यालय तक पहुँचे इसके लिए सभी भदोही वासियों के साथ की जरूरत हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सभी अभिभावको से अपील की हैं कि अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी विद्यालय में करायें तथा रोज विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करें।



बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

## संक्षेप

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**सिरकोनी।** स्थानीय क्षेत्र के शिवपुर पुलिया के पास गुरुवार को दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार उम्र 38 वर्ष व संदीप कुमार उम्र 30 वर्ष निवासी मुरादपुर किसी काम से केराकत जा रहा था। शिवपुर पुलिया के पास बाइकों की टक्कर से दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँची एम्बुलेंस दोनों को लेकर नेहरू नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरू नगर ले गयी। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### अश्लील वीडियो बनाकर युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती के मोबाइल फोन पर युवक द्वारा वीडियो कॉल से अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा मना करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले के संबंध में युवती द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध 354, 504, 506 व 66ए आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गई। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर गोपीगंज कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित आरोपी मुकेश मौर्य पुत्र दुखीराम मौर्य निवासी नेवाड़ी थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को नई बस्ती कस्बा गोपीगंज से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान किया गया।

### अगलगी की क्षति पूर्ति के लिए मुआवजे की मांग हेतु व्यापार मंडल ने की बैठक

**गोपीगंज।** नगर में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों के साथ गुरुवार को बैठक नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें बुधवार को बर्तन के बड़े कारोबारी कमल कौशल के सदर महाल स्थित दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना को लेकर नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से भारी मुआवजे की मांग की है, जिसमें सभी पदाधिकारी गण एवं व्यापारियों ने सहमति जताई है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत गुप्ता, रतनलाल अग्रहरी, त्रिलोकीनाथ उमर, दिनेश कुमार, जगदीश उमर, संजय तिवारी, अभिषेक जयसवाल, मिथलेश कुमार, राकेश अग्रहरी, रमेश कौशल, जगदीश जयसवाल, प्रदीप गुप्ता, दीपक मोदनवाल, रितेश जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### अग्नि कांड की जांच में पहुंचे इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर

**गोपीगंज।** नगर के सदर मुहाल में बुधवार को बर्तन के थोक व्यापारी कमल कौशल के दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से दुकान में भीषण आग लग जाने से लाखों रुपए की क्षति हो गई है। व्यापारी का दुकान का सामान सहित घरेलू एसी टीवी, फ्रिज सहित गृहस्थी के सामान भी जलकर राख हो गया। अग्निकांड के दूसरे दिन गुरुवार को विद्युत विभाग के इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर दिनेश मौर्या व्यापारी की दुकान पर पहुंच कर जांच पड़ताल किए और अग्निकांड में अनुमानित क्षति पचहत्तर लाख राशि अंकित कर शासन से मुआवजे का भरोसा दिलाया है।

### 30 अप्रैल तक हर हाल में करा लें पंजीयन

**ज्ञानपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार चक ने जनपद के समस्त संचालित सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, पैथालाजी, एक्सरे को निर्देशित किया है कि सभी के पंजीयन प्रमाण पत्र की वैधता तिथि 30 अप्रैल को समाप्त हो जायेगी। सभी अपने चिकित्सालय का नवीनीकरण पंजीयन हेतु 30 अप्रैल से पूर्व सीएमओ कार्यालय में जमा कर दे। अन्यथा चिकित्सालय का पंजीयन वैधता तिथि के बाद स्वतः समाप्त हो जायेगी और यदि वैधता तिथि के बाद आपके चिकित्सालय का संचालन होता है तो यह मान जायेगा की बिना पंजीयन के अवैध रूप से चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। जांच में यदि बिना पंजीकरण के चिकित्सालय का संचलन करते हुए पाये जाते है तो आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. -0532 - 2400063

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# तहसीलदार संघ ने डीएम के जरिए मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

**मांग**

**जखनियां तहसीलदार पर हुए हमले के विरोध में तहसीलदार संघ लामबंद हुआ**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** गाजीपुर जनपद के जखनिया तहसील के तहसीलदार रामजी की मा.उच्च न्यायालय इलाहाबाद में व्यक्तिगत उपस्थिति के दौरान हुए हमले के विरोध में गुरूवार को तहसीलदार भदोही के नेतृत्व में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित किए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।



मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन डीएम प्रतिनिधि को सौंपते तहसीलदार संघ के लोग

ज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया कि बसन्ती देवी बनाम उ.प्र. सरकार व अन्य में पारित आदेश गत 7 अप्रैल के समादर में रामजी पूर्व तहसीलदार जखनियाँ व वर्तमान तहसीलदार जमानियाँ को माननीय उच्च न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। तत्क्रम में उ.प्र. राजस्व (प्रशासनिक) अधिकारी संघ जिला भदोही ईकाई को संज्ञान में आया हैं कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के उपरोक्त आदेश के अनुपालन के क्रम में गत 10 अप्रैल को व्यक्तिगत उपस्थिति हेतु रामजी, तहसीलदार जमानियों कोर्ट नं.-64 में उपस्थित हुए। सुनवाई के उपरान्त कोर्ट नं.-64 के दरवाजे पर कुछ अधिवक्ताओं द्वारा मारपीट की गयी। मारपीट के क्रम में उन्हें खींचकर लाबी में ले जाया गया तथा घूंसा, लात एवं थप्पड़ से पीटा गया। रामजी तहसीलदार जखनियां द्वारा अपने बचाव में चिल्लाने पर कोर्ट नं.-64 में उपस्थित न्यायाधीश को स्वयं आकर बीच बचाव करना पड़ा तथा रामजी को अपने चैंबर में ले जाया गया, तब जाकर किसी प्रकार से रामजी तहसीलदार जमानियों की जान बची।

# राजकेशर पाल निर्विरोध सभापति निर्वाचित हुए

**जौनपुर।** क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड जौनपुर के सभापति/चेयरमैन का चुनाव देवचंदपुर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ जहां सर्वसम्मति से भाजपा मंडल अध्यक्ष करंजकला राजकेशर पाल को निर्विरोध सभापति/चेयरमैन व उपसभापति मंजू पांडे पत्नी शैलेश पांडे निर्विरोध निर्वाचित हुए।



नवनिर्वाचित सभापति व सदस्यगण

11 सदस्य के रूप में शैलेंद्र सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, अजय मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, सिद्धार्थ राय, विनय कुमार सिंह, दिव्यांशु सिंह, मनोज दुबे, नंदिनी राय, संजीव गौतम और मदन सोनी निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए। इस अवसर पर करंजकला के प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद सिंह, करंजकला के पूर्व प्रमुख जितेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव, सभासद अच्छेलाल मौर्य, सभासद मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह दीपक, राधेश्याम पाल, शुभम सिंह, बलवंत सिंह, कपिल देव सिंह व अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव व जिला अध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी।

# क्रय विक्रय सहकारी संघ के चुनाव में वीरेंद्र शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित

**जनसंदेश न्यूज**

**चुनाव**

**समर्थकों में भारी उल्लास, फूल माला पहना कर किया स्वागत**

**गोपीगंज।** क्रय विक्रय सहकारी संघ के चुनाव में वीरेंद्र शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित हुए, श्री शुक्ला के निर्विरोध चुने जाने पर समर्थकों में हर्ष जताया हैं।

निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 13 अप्रैल को सभापति पद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल होने के बाद शोभा सिंह पत्नी राजेंद्र सिंह ने अपना पर्चा उठा लेने की वजह से वीरेंद्र शुक्ला उर्फ वीरू को निर्विरोध सभापति चुना गया। शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हो गया।

बताया जाता है कि 30 वर्षों से राजेंद्र सिंह उर्फ मुन्नू सिंह का दबदबा था। निर्वाचित वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि समिति किसानों के हित के लिए हमेशा कार्य करती है, और आगे भी और भी बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा। भाजपा शासन में किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की खाद वितरण में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। निर्वाचित होने के बाद उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। जिसमें मुख्य रूप से विधायक विपुल दुबे, डीघ ब्लॉक प्रमुख मनोज मिश्रा, डॉक्टर राजेश सिंह, आशीष सिंह, अटकोटी सिंह, रिंकी सिंह, रमेश पांडेय, कलेक्टर सिंह, मुन्ना सिंह, पप्पू सिंह, अरुण मिश्रा, गब्बर सिंह, अश्वनी अग्रवाल सहित भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। सभी में खुशियों की लहर रही एक दूसरे को माला पहनाकर, मिठाई बांटकर खुशियों का इजहार किया।



निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला का फूल माला पहना कर स्वागत करते साथी

# एक ही मस्जिद में लगातार 50वें साल किया तरावीह मुकम्मल

**उपलब्धि**

**मस्जिद के मुतवल्ली हाजी मुनीर अंसारी ने हाफिज तबरेज आलम को मोमेंटों देकर किया सम्मानित**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** नगर के मोहल्ला बाजार सरदार खां में गुरुवार को तरावीह मुकम्मल हुई। हाफिज तबरेज आलम ने तरावीह मुकम्मल कराई। वें 50 वर्षों से लगातार एक ही मस्जिद में तरावीह की नमाज पढ़ाते चले आ रहे। तरावीह मुकम्मल होने के बाद मस्जिद के मुतवल्ली हाजी मुनीर अहमद अंसारी ने उनको मोमेंटों देकर सम्मानित किया और मुबारकबाद दी।



एक ही मस्जिद में लगातार 50वें साल तरावीह मुकम्मल करने पर हाफिज तबरेज को मुबारक बाद देते नमाजी

इस अवसर पर हाफिज तबरेज आलम ने कहा कि इस मस्जिद में तरावीह की नमाज को पढ़ाते हुए 50 साल हो गए। हिफ्ज करने के बाद जो यहां पर तरावीह की नमाज पढ़ाना शुरू किया तो फिर आज तक यही पर पढ़ाते रहे गए। उन्होंने कहा कि तरावीह सुनना सुन्नत है। तरावीह मुकम्मल हो जाने का यह मतलब नहीं कि आगे तरावीह न पढ़ी जाएं। ईद का चांद दिखने तक तरावीह व सूरह तरावीह पढ़ते रहें। इस समय रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। ऐसे में हर मोमिन को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और अपनी गुनाहों से तौबा करें। हाफिज तबरेज आलम ने बारगाहे परवरदिगार में दोनों हाथों को फैलाकर मुल्क में अमनोअमान तथा मुसलमानों के कारोबार में खैरोबरकत आदि के लिए दुआएं की।

इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, हाफिज अहसन, हाफिज हामिद, जमील अंसारी नेता, हाजी मुनीर अहमद अंसारी, हाजी जुलकैफ अंसारी, डॉ.अजहर आसिफ अंसारी, डॉ.अफरोज अंसारी, जावेद आलम अंसारी, फिरोज खां, परवेज आलम, अल्हाक अंसारी, मोईन हाशमी, फिरदौस आलम, मो.जकी, अशरफ अली सिद्दीकी, अकील अंसारी, खतीब आलम, मोअज्जम अली, शकील अहमद, अब्दुल वाहिद, सरफराज अंसारी, इरफान अहमद, शारिक मोईन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।




बाबा साहेब के नाम से लोकप्रिय भीमराव रामजी अम्बेडकर एक न्यायविद, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, लेखक, संपादक थे। वह एक दलित थे, जो जातिगत भेदभाव को झेले। उन्हें दूसरी जाति के बच्चों के साथ खाने या स्कूल में पानी तक पीने की इजाजत नहीं थी। उनका जीवन दृढ़ संकल्प का सर्वोच्च उदाहरण है और यह दर्शाता है कि कैसे शिक्षा किसी का भाग्य बदल सकती है। जातिगत भेदभाव की जकड़न में बचपन गुजारने वाला बच्चा, बड़ा होकर स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माता बना। बाबा साहेब का जीवन बाधाओं के विपरीत होने पर भी अपना लक्ष्य न छोड़ने का उदाहरण है।



# समानता की लड़ाई के महान योद्धा

डॉ अम्बेडकर ने शिक्षा को निरक्षरता, अज्ञानता और अंधविश्वास से सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की मुक्ति के लिए एक उपकरण के रूप में देखा। डॉ. अम्बेडकर लैंगिक समानता की लड़ाई लड़ने वाले योद्धा थे और विरासत एवं विवाह में महिलाओं के समान अधिकारों के लिए लड़े थे। डॉ. अंबेडकर के पास महिला सशक्तिकरण के लिए एक दृष्टिकोण था और वे भारत में महिलाओं की उन्नति के रास्ते में आने वाली बाधाओं को तोड़ने के लिए खड़े हुए थे। डॉ. अम्बेडकर की दूरदर्शिता, प्रेरक जीवन और विचार हमारे इस दृढ़ विश्वास को पुष्ट करते हैं कि राष्ट्र को पूर्ण प्रतिबद्धता, सकारात्मक सोच, विवेकपूर्ण योजना, इष्टतम प्रयास, सामंजस्यपूर्ण पहल और अथक दृढ़ संकल्प के साथ संचालित किया जाना है। डॉ अम्बेडकर की यही प्रगतिशील सोच एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण भारत के लिए संघर्ष में उनकी भूमिका को कई अन्य उत्कृष्ट राष्ट्रीय हस्तियों के सामने बहुत बड़ा बना देती है जो स्वतंत्रता आंदोलन युग की महान लड़ाइयों के दौरान उनके समकालीन और विरोधी भी थे। यह अनिवार्य रूप से इसलिए अहम है कि उनके जीवन में संघर्ष, अध्ययन, और विचारों में प्रयोग द्वारा उजागर की गई गहरी और केंद्रीय समस्याएं आज भी जीवित हैं। भारतीय समाज के बारे में उनके द्वारा उठाए गए अक्सर गहन प्रश्न वर्तमान में भी मूल रूप से अनुत्तरित हैं। अंबेडकर की आत्मकथा 'वेटिंग फॉर अ वीजा' कोलंबिया विश्वविद्यालय पुस्तक के रूप में प्रयोग की जाती है। बाबा साहेब के जीवन एवं उनके किये गये कार्यों को जानना सबके लिये अति आवश्यक है। उनकी जीवन कथा तो हमसबके लिये प्रेरणास्पद है ही, किंतु उनके किये हुए कार्य सामाजिकता व देशप्रेम का अतुलनीय पाठ पढ़ाते हैं। 1935 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गठन में डॉ अम्बेडकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1955 में वापस, वे बेहतर सरकार के लिए मध्य प्रदेश और बिहार के विभाजन का प्रस्ताव रखने वाले पहले व्यक्ति थे। वह संस्कृत को भारतीय संघ की राजभाषा भी बनाना चाहते थे और उन्होंने दो बार 'लोकसभा' चुनाव में भाग लिया लेकिन दोनों बार जीतने में असफल रहे। उनकी आत्मकथा 'वेटिंग फॉर अ वीजा' कोलंबिया विश्वविद्यालय में पाठ्य पुस्तक के रूप में प्रयोग की जाती है। वह रोजगार और निर्वाचन क्षेत्र के आरक्षण के सिद्धांत के विरोधी थे और नहीं चाहते थे कि व्यवस्था बिल्कुल भी मौजूद रहे। वह पीएचडी अर्जित करने वाले पहले भारतीय थे। अम्बेडकर वह व्यक्ति थे जिन्होंने भारत के काम के घंटों को 14 से घटाकर आठ घंटे प्रतिदिन करने पर जोर दिया। वह भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 370' के मुखर विरोधी थे, जिसने जम्मू और कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा दिया था।1916 में, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने बड़ौदा रियासत के रक्षा सचिव के रूप में काम किया। दलित होने के कारण काम आसान नहीं था। लोगों द्वारा उनका उपहास उड़ाया जाता था और अक्सर उनकी उपेक्षा की जाती थी। लगातार जातिगत भेदभाव के बाद, उन्होंने रक्षा सचिव के रूप में अपनी नौकरी छोड़ दी और एक निजी ट्यूटर और लेखाकार के रूप में नौकरी की। बाद में उन्होंने एक परामर्श फर्म की स्थापना की, लेकिन यह फलने-फूलने में विफल रही। कारण यह रहा है कि वह दलित थे। आखिरकार उन्हें मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में एक शिक्षक के रूप में नौकरी मिल गई। जैसा कि अम्बेडकर खुद जातिगत भेदभाव के शिकार थे, उन्होंने समाज में अछूतों की दयनीय स्थिति को ऊपर उठाने का प्रयास किया। उन्होंने ₹मूकनायक₹ नामक एक साप्ताहिक पत्रिका की स्थापना की, जिसने उन्हें भारत की असमानता की मान्यताओं की आलोचना करने में सक्षम बनाया। उन्हें भारत में जातिगत भेदभाव की प्रथा को खत्म करने का जुनून था, जिसके कारण उन्होंने ₹बहिष्कृत हितकर्णी सभा₹ की स्थापना की।


प्रो. साकेत कुशवाहा
कुलपति
राजीव गांधी विवि, अरुणांचल प्रदेश

## अछूतों के अधिकारों की लड़ी लड़ाई 'पूना पैक्ट' का गठन किया

संगठन का मुख्य लक्ष्य पिछड़े वर्गों को शिक्षा प्रदान करना था। 1927 में उन्होंने छुआछूत के खिलाफ लगातार काम किया। उन्होंने गांधी के नक्शेकदम पर चलते हुए सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व किया। अछूतों को पीने के पानी के मुख्य स्रोत और मंदिरों में प्रवेश से वंचित कर दिया गया था। उन्होंने अछूतों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। 1932 में, 'पूना पैक्ट' का गठन किया गया जिसने क्षेत्रीय विधान सभा और केंद्रीय परिषद राज्यों में दलित वर्ग के लिए आरक्षण की अनुमति दी। 1935 में, उन्होंने 'इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी' की स्थापना की, जिसने बंबई चुनाव में चौदह सीटें हासिल कीं। 1935 में, उन्होंने 'द एनीहिलेशन ऑफ कास्ट' जैसी किताबें प्रकाशित कीं, जो रूढ़िवादी मान्यताओं पर सवाल उठाती थीं, और अगले ही साल, उन्होंने 'हू वेयर द शूद्रस?' नाम से एक और किताब प्रकाशित की। जिसमें उन्होंने बताया कि अछूत कैसे बनते हैं। भारत की स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने रक्षा सलाहकार समिति के बोर्ड में और 'वायसराय की कार्यकारी परिषद' के लिए श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया। काम के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें भारत के पहले कानून मंत्री की कुर्सी दिलाई। वह भारत के संविधान की मसौदा समिति के पहले अध्यक्ष थे। उन्होंने भारत की वित्त समिति की भी स्थापना की। यह उनकी नीतियों के माध्यम से था कि राष्ट्र ने आर्थिक और सामाजिक दोनों तरह से प्रगति की। 1951 में उनके सामने 'द हिंदू कोड बिल' का प्रस्ताव रखा गया, जिसे बाद में उन्होंने अस्वीकार कर दिया और मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने लोकसभा की सीट के लिए चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। बाद में उन्हें राज्यसभा के लिए नियुक्त किया गया और 1955 में उनकी मृत्यु तक वे राज्य सभा के सदस्य बने रहे।



## दलितों और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए समर्पित रहा पूरा जीवन

बी.आर. अम्बेडकर एक प्रमुख समाज सुधारक और एक कार्यकर्ता थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों और भारत के अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया। अम्बेडकर ने भारतीय समाज में एक बीमारी की तरह फैल चुके जातिगत भेदभाव के उन्मूलन के लिए लगातार संघर्ष किया। उनका जन्म एक सामाजिक रूप से पिछड़े परिवार में हुआ था, अम्बेडकर एक दलित थे जो जातिगत भेदभाव और असमानता के शिकार थे। हालाँकि, सभी बाधाओं के बावजूद, अम्बेडकर उच्च शिक्षा पूरी करने वाले पहले दलित बने। इसके बाद उन्होंने कॉलेज पूरा किया और लंदन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने पूरी तरह से राजनीति में प्रवेश किया, जिसका उद्देश्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों और समाज में प्रचलित असमानता के खिलाफ लड़ना था। भारत के स्वतंत्र होने के बाद, वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और 'भारत के संविधान' के मुख्य वास्तुकार बने। बाद में 1956 में, उन्होंने बौद्ध धर्म को अपना लिया, क्योंकि वे इसे 'सबसे वैज्ञानिक धर्म' मानते थे।'

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता में प्रबल रूप से विश्वास करते थे

एक सामाजिक-राजनीतिक सुधारक के रूप में अम्बेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्वतंत्रता के बाद के भारत में उनके सामाजिक-राजनीतिक विचारों का पूरे राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान किया जाता है। उनकी पहल ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित किया है और जिस तरह से भारत आज सामाजिक-आर्थिक नीतियों, शिक्षा और सकारात्मक कार्रवाई को सामाजिक-आर्थिक और कानूनी प्रोत्साहन के माध्यम से देखता है यह बाबा साहेब के प्रभाव स्वरूप ही है। एक विद्वान के रूप में उनकी प्रतिष्ठा ने ही उन्हें स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। वे व्यक्तिगत स्वतंत्रता में प्रबल रूप से विश्वास करते थे और जाति समाज की आलोचना करते थे। अम्बेडकर के राजनीतिक दर्शन ने बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों, प्रकाशनों और श्रमिक संघों को जन्म दिया है जो पूरे भारत में सक्रिय हैं, खासकर महाराष्ट्र में। बौद्ध धर्म में उनके रूपांतरण ने भारत और विदेशों में बौद्ध दर्शन में रुचि को पुनर्जीवित किया। 1956 के अम्बेडकर के नागपुर समारोह का अनुकरण करते हुए आधुनिक समय में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर रूपांतरण समारोह आयोजित किए गए हैं। कुछ भारतीय बौद्ध उन्हें बोधिसत्व के रूप में मानते हैं, हालांकि उन्होंने खुद कभी इसका दावा नहीं किया। भारत के बाहर, 1990 के दशक के अंत में, कुछ हंगेरियाई रोमानी लोगों ने अपनी स्थिति और भारत में पददलित लोगों के बीच समानताएं बनाईं। अम्बेडकर से प्रेरित होकर, उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाना शुरू किया।

### अर्थशास्त्र पर उनकी तीन पुस्तकें

*अम्बेडकर एक अर्थशास्त्री के रूप में प्रशिक्षित थे और 1921 तक एक पेशेवर अर्थशास्त्री थे, जब वे एक राजनीतिक नेता बन गए। उन्होंने अर्थशास्त्र पर तीन पुस्तकें लिखीं:*

1- ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रशासन और वित्त
2- ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास
3- रुपये की समस्या: इसकी उत्पत्ति और इसका समाधान

## विदेश में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट करने वाले पहले भारतीय

अम्बेडकर विदेश में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट करने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने तर्क दिया कि औद्योगीकरण और कृषि विकास भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने भारत के प्राथमिक उद्योग के रूप में कृषि में निवेश पर जोर दिया।अम्बेडकर की दृष्टि ने सरकार को अपने खाद्य सुरक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद की। अम्बेडकर ने बुनियादी सुविधाओं के रूप में राष्ट्रीय आर्थिक और सामाजिक विकास, शिक्षा, सार्वजनिक स्वच्छता, सामुदायिक स्वास्थ्य, आवासीय सुविधाओं पर जोर देने की वकालत की। उनकी डीएससी थीसिस, रुपये की समस्या: इसकी उत्पत्ति और समाधान (1923) रुपये के मूल्य में गिरावट के कारणों की जांच करती है। इस निबंध में, उन्होंने संशोधित रूप में एक स्वर्ण मानक के पक्ष में तर्क दिया, और कीन्स द्वारा अपने ग्रंथ भारतीय मुद्रा और वित्त (1909) में समर्थित स्वर्ण-विनिमय मानक का विरोध किया, यह दावा करते हुए कि यह कम स्थिर था। उन्होंने रुपये के आगे के सभी सिक्कों को रोकने और एक सोने के सिक्के की ढलाई का समर्थन किया, जिसके बारे में उनका मानना था कि मुद्रा की दरें और कीमतें तय होंगी।

## भूमि सुधार और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

1951 में, अम्बेडकर ने भारत के वित्त आयोग की स्थापना की। उन्होंने कम आय वाले समूहों के लिए आयकर का विरोध किया। उन्होंने अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए भूमि राजस्व कर और उत्पाद शुल्क नीतियों में योगदान दिया। उन्होंने भूमि सुधार और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अनुसार, जाति व्यवस्था, इसके विभाजन के कारण श्रमिक और पदानुक्रमित प्रकृति, श्रम के आंदोलन को बाधित करती है (उच्च जातियां निचली जाति के व्यवसायों को नहीं करती हैं) और पूंजी की आवाजाही नहीं हो पाती। राजकीय समाजवाद के उनके सिद्धांत के तीन बिंदु थे: कृषि भूमि पर राज्य का स्वामित्व, राज्य द्वारा उत्पादन के लिए संसाधनों का रखरखाव, और जनसंख्या में इन संसाधनों का न्यायोचित वितरण। उन्होंने एक स्थिर रुपये के साथ एक मुक्त अर्थव्यवस्था पर जोर दिया जिसे भारत ने हाल ही में अपनाया है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए जन्म नियंत्रण की वकालत की और इसे भारत सरकार द्वारा परिवार नियोजन के लिए राष्ट्रीय नीति के रूप में अपनाया गया है। उन्होंने आर्थिक विकास के लिए महिलाओं के समान अधिकारों पर जोर दिया।

## अगर आज बाबा साहेब अंबेडकर जिंदा होते तो क्या करते?

☛ आरक्षण पर शुरू से ही अपनी नजर रखते। इसके साथ ही आरक्षण नीति में कुछ बुनियादी बदलाव उनकी मांग होती। वे दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का फायदा कतई भी नहीं लेने देते। क्योंकि अब यह जरूरत नहीं, बेजा फायदा था। ☛ आरक्षित कोटे से एक अवसर पाने वाले दलित परिवार बेहतर आर्थिक और शैक्षणिक स्तर हासिल कर चुके थे। बाबा साहेब इसे सामान्य वर्ग में आना ही मानते थे। ☛ गरीबी सिर्फ दलितों में नहीं थी। गांवों में लाखों परिवार भी उसी लंबी गुलामी की पैदाइश थे इसके अलावा भूमिहीन, गरीब और मजदूरी पर आश्रित है। अगर बाबा साहेब होते तो इसको नजर अंदाज कर ही नहीं सकते थे। ☛ वे पहले शख्स होते जो बीस साल बाद आर्थिक आधार पर सबका साथ, सबका विकास चाहते। तब ऊंची जाति के उपेक्षित और प्रतिभाशाली लोग भी सिर्फ उन्हीं की शरण में जाते और वे ही सर्वोत्तम न्यायसंगत रास्ता निकालते।वे अनुसूचित जाति, जनजाति के नौकरी प्राप्त अफसर-कर्मचारियों के संगठन बनाए जाने के खुलकर खिलाफ होते। वे कहते-आरक्षितों के संगठन बनाकर आरक्षण को राजनीतिक ढाल मत बनाइए। वर्ना हम दिशा भटक जाएंगे। आप मजबूत हो गए हैं तो दूसरे कमजोरों की सहायता कीजिए। ☛ डॉ अम्बेडकर के विचार थे कि एक महान आदमी एक प्रतिष्ठित आदमी से इस तरह से अलग होता है की वह समाज का नौकर बनने के लिए तैयार होता है। एक सफल क्रांति के लिए सिर्फ असंतोष का होना पर्याप्त नहीं है, जिसकी आवश्यकता है वो है न्याय एवं राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था। मनुष्य नश्वर है, उसी तरह विचार भी नश्वर है, एक विचार को प्रचार प्रसार की जरूरत होती है, जैसे कि एक पौधे को पानी की नहीं तो दोनों मुरझा कर मर जाते हैं। हमें बाबा साहेब के इन्हीं विचारों को अपनाना चाहिए। ये विचार व ये हिम्मत ही किसी भी व्यक्ति को जीवन की सही दिशा दिखलाते हुए उसके लिये प्रगतिशील मार्ग प्रशस्त करते हैं।



# शिक्षित बनो, संगठित रहो, आगे बढ़ो

**बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर 20वीं सदी के सबसे बड़े विचारकों में एक हैं। वर्तमान सदी भी भारत में डॉ आंबेडकर के प्रभाव की सदी है। डॉ आंबेडकर की लोकप्रियता और स्वीकार्यता के पीछे उनका विशद अध्ययन, तार्किक लेखन और वंचित समूहों के लिए परिवर्तनकामी भूमिका है। शिक्षा का क्षेत्र भी उनके योगदान से अछूता नहीं है, लेकिन डॉ. आंबेडकर का मूल्यांकन करते वक्त इसकी कम बात होती है। उनके मशहूर नारे 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' में शिक्षा पहले स्थान पर है। शिक्षा के बारे में उन्होंने कहा, 'शिक्षा वह है, जो व्यक्ति को निडर बनाये, एकता का पाठ पढ़ाये, लोगों को अधिकारों के प्रति सचेत करे। संघर्ष की सीख दे और आजादी के लिए लड़ना सिखाये।**

डॉ आंबेडकर ने सबसे पहले बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउंसिल में एक कानूनविद की हैसियत से 12 मार्च, 1927 को भारतीय समाज में शिक्षा के बारे में कुछ जरूरी सवाल उठाये। यह उनके लिए बेहद चिंता का विषय था कि हमारे देश ने शिक्षा के मामले में प्रगति नहीं की। वे कहते हैं, 'हम शिक्षा पर कम से कम उतनी राशि तो खर्च करें ही, जितनी हम लोगों से उत्पाद शुल्क के रूप में लेते हैं। उन्होंने उपाय सुझाया कि प्राथमिक शिक्षा पर अधिक से अधिक खर्च किया जाये। क्योंकि डॉ आंबेडकर ने शिक्षा के व्यावसायीकरण की समस्याओं को सौ साल पहले पहचान लिया था। वे कहते हैं 'शिक्षा तो एक ऐसी चीज है, जो सबको मिलनी चाहिए। शिक्षा विभाग ऐसा नहीं है, जो इस आधार पर चलाया जाये कि जितना वह खर्च करता है।


प्रो. निर्मला एस मौर्य
कुलपति
पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## लंदन में समझा व्हाइट कॉलर जॉब और ब्लू कॉलर जॉब

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत की जातिगत छुआछूत के खिलाफ ही नहीं बल्कि दुनिया भर में सभी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ थे। डॉक्टर अंबेडकर जब लंदन में पढ़ रहे थे तब उन्होंने देखा कि यहां भारत की तरह जातिगत छुआछूत नहीं है लेकिन भेदभाव तो यहां भी है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देखा कि लंदन में व्हाइट कॉलर जॉब और ब्लू कॉलर जॉब प्रचलित हैं। व्हाइट कॉलर जॉब में लोग आराम से कुर्सी पर बैठकर मजे करते हैं और किसी प्रकार का कठिन परिश्रम नहीं करना पड़ता। लोग उनको को सलाम करते हैं। जबकि ब्लू कॉलर जॉब वाले व्यक्ति दिन-रात परिश्रम करते हैं धूप में रहते हैं और ऐसा करने के बाद भी सलाम करते हैं। यह व्हाइट कलर जॉब और ब्लू कॉलर जॉब जाति व्यवस्था पर आधारित नहीं थी। यह योग्यता पर आधारित थी। जब भीमराव अंबेडकर अपनी शिक्षा पूर्ण करके भारत वापस आए तो उन्होंने भारत में उच्च पद पर रहते हुए और भारत का संविधान लिखते हुए नीले रंग को अपनाया ताकि अंग्रेजों की तरह भारत में भी नीले कलर के कपड़े पहनने वाले व्यक्तियों को लन्दन की तरह भेदभाव का सामना ना करना पड़े।

## सामाजिक जनतंत्र के बिना सामाजिक चेतना का विकास संभव नहीं

डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के आधुनिक निमार्ताओं में से एक माने जाते हैं। उनके विचार व सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं। दरअसल वे एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव न किया जाए। उनका यह राजनीतिक दर्शन व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक जनतंत्र की स्थापना अपने वास्तविक स्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकेगी। दरअसल सामाजिक चेतना के अभाव में जनतंत्र आत्मविहीन हो जाता है। ऐसे में जब तक सामाजिक जनतंत्र स्थापित नहीं होता है, तब तक सामाजिक चेतना का विकास भी संभव नहीं हो पाता है।डॉ. अम्बेडकर जनतंत्र को एक जीवन पद्धति के रूप में भी स्वीकार करते हैं, वे व्यक्ति की श्रेष्ठता पर बल देते हुए सत्ता के परिवर्तन को साधन मानते हैं। वे कहते थे कि कुछ संवैधानिक अधिकार देने मात्र से जनतंत्र की नींव पक्की नहीं होती। उनकी जनतांत्रिक व्यवस्था की कल्पना में नैतिकता और सामाजिकता दो प्रमुख मूल्य रहे हैं जिनकी प्रासंगिकता वर्तमान समय में बढ़ जाती है। दरअसल आज राजनीति में खींचा-तानी इतनी बढ़ गई है कि राजनैतिक नैतिकता के मूल्य गायब से हो गए हैं। हर राजनीतिक दल वोट बैंक को अपनी तरफ करने के लिए राजनीतिक नैतिकता एवं सामाजिकता की दुहाई देते हैं, लेकिन सत्ता प्राप्ति के पश्चात इन सिद्धांतों को अमल में नहीं लाते हैं।



## समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर हो

डॉ. अम्बेडकर समानता को लेकर काफी प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना किसी भी समाज की प्रथम और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अगर समाज इस दायित्व का निर्वहन नहीं कर सके तो उसे बदल देना चाहिए। वे मानते थे कि समाज में यह बदलाव सहज नहीं होता है, इसके लिए कई पद्धतियों को अपनाना पड़ता है। आज जब विश्व एक तरफ आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ विश्व में असमानता की घटनाएँ भी देखने को मिल रही हैं। इसमें कोई दो राय नही है कि असमानता प्राकृतिक है, जिसके चलते व्यक्ति रंग, रूप, लम्बाई तथा बुद्धिमता आदि में एक-दूसरे से भिन्न होता है। लेकिन समस्या मानव द्वारा बनायी गई असमानता से है, जिसके तहत एक वर्ग, रंग व जाति का व्यक्ति अपने आप को अन्य से श्रेष्ठ समझ संसाधनों पर अपना अधिकार जमाता है। यूएनओ द्वारा इस संदर्भ में प्रति वर्ष नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस मनाया जाता है, जो आज भी समाज में व्याप्त असमानता को प्रकट करता है। भारत में इस स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 14 से 18 में समानता का अधिकार का प्रावधान करते हुए समान अवसरों की बात कही गई है। यह समानता सभी को समान अवसर उपलब्ध करा सकें, इसके लिए शोषित, दबे-कुचलों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। इस प्रकार अम्बेडकर के समानता के विचार न सिर्फ उन्हें भारत के संदर्भ में, बल्कि विश्व के संदर्भ में भी प्रासंगिक बनाते हैं।रंगो का वर्गीकरण दशकों पहले हो चुका है। सफेद रंग ईसाइयों का तो भगवा रंग हिंदुओं का, हरे रंग पर मुसलमानों का पेटेंट है। रंग देखते ही हम समझ जाते हैं कि कौन व्यक्ति किस धर्म का है लेकिन दलित तो कोई धर्म नहीं है फिर दलित समाज की पहचान नीले रंग से क्यों होती है। जवाब आसान है, क्योंकि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमेशा नीला रंग पहनते थे परंतु सवाल यह है कि विदेश से उच्च शिक्षा ग्रहण करके लौटे डॉक्टर अंबेडकर नीले रंग के कपड़े क्यों पहनते थे। क्या वो अपनी कोई अलग पहचान बनाना चाहते थे या इसके पीछे कोई बड़ा संदेश छुपा हुआ है।